

दैनिक सीहोर जिले का प्रथम दैनिक K ✌ K RNI No.MPHIN/2003/10309

# क्षितिज ✌ किरण

त्वदीय पाद पंकजम् नमामि देवी नर्मदे | सीहोर जिले, होशंगाबाद संभाग एवं जबलपुर से एक साथ प्रकाशित एकमात्र समाचार-पत्र

प्रेरणापुंज -विचित्र कुमार सिन्हा | वर्ष-21 अंक-275 | सीहोर, बुधवार 25 दिसम्बर 2024 | पृष्ठ-8 | मूल्य -1 रूपये | सम्पादक- कृष्णकान्त सक्सेना


### केन-बेतवा लिंक परियोजना का शिलान्यास आज

## पूर्व प्रधानमंत्री स्व. वाजपेयी की 100वीं जयंती पर मप्र को अनेक सौगातें देंगे पीएम मोदी

### -केन-बेतवा लिंक परियोजना से मप्र और यूपी को फायदा होगा

### -देश की पहली ओंकारेश्वर फ्लोटिंग सौर परियोजना का करेंगे लोकार्पण

भोपाल (ए)। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पूर्व प्रधानमंत्री भारत-रत्न से सम्मानित स्व. अटल बिहारी वाजपेयी की 100वीं जयंती पर बुधवार को खजुराहो में देश की पहली महत्वाकांक्षी और बहुउद्देशीय केन-बेतवा राष्ट्रीय नदी जोड़ो परियोजना का शिलान्यास करेंगे। प्रधानमंत्री मोदी देश की पहली ओंकारेश्वर फ्लोटिंग सौर परियोजना का लोकार्पण और 1153 अटल ग्राम सुशासन भवनों का भूमि-पूजन करेंगे। प्रधानमंत्री मोदी, पूर्व प्रधानमंत्री स्व. वाजपेयी की स्मृति में स्टॉम्प और सिक्का भी जारी करेंगे। देश को नदी जोड़ो की परिकल्पना देने वाले युगदृष्टा स्व. वाजपेयी की जयंती पर यह मप्र के लिए एक बड़ी सौगात होगी।44 हजार 605 करोड़ रुपये लागत वाली इस परियोजना से मप्र और उत्तर प्रदेश के लगभग 11 लाख हेक्टेयर क्षेत्र में सिंचाई सुविधा मिलेगी। मप्र के 10 जिले और उत्तर प्रदेश के चार जिलों में पेयजल की व्यवस्था सुदृढ़ होगी। परियोजना में होने वाले व्यय का 90 प्रतिशत भार केंद्र सरकार उठाएगी। प्रदेश के ऊपर वित्तीय भार मात्र 10 प्रतिशत आएगा। इस



परियोजना से 103 मेगावाट जल विद्युत एवं 27 मेगावाट सौर ऊर्जा का उत्पादन होगा, जिसका पूरा लाभ मध्य प्रदेश को मिलेगा। बुंदेलखंड का आर्थिक व सामाजिक विकास होगा और रोजगार के नए अवसर भी सृजित होंगे। प्रधानमंत्री मोदी द्वारा इस परियोजना के शिलान्यास के साथ ही स्व. वाजपेयी का नदी जोड़ो का सपना मध्यप्रदेश में मूर्त रूप लेगा। केन-बेतवा लिंक राष्ट्रीय परियोजना, देश में भूमिगत दाब युक्त पाइप सिंचाई प्रणाली अपनाने वाली सबसे बड़ी सिंचाई परियोजना है। इस परियोजना से मध्यप्रदेश के 10 जिलों छतरपुर, पन्ना, टीकमगढ़, निवाड़ी, दमोह, शिवपुरी, दतिया, रायसेन, विदिशा और सागर में 8 लाख 11 हजार हेक्टेयर क्षेत्र को सिंचाई की सुविधा मिलेगी और 44 लाख किसान परिवार लाभान्वित होंगे। फसलों के उत्पादन एवं किसानों की आय में वृद्धि से ग्रामीण अर्थव्यवस्था सुदृढ़ होगी और जल विद्युत परियोजनाओं के निर्माण से हरित ऊर्जा में 103 मेगावॉट योगदान के साथ रोजगार के नए अवसर सृजित होंगे। बेहतर जल प्रबंधन एवं औद्योगिक इकाइयों को पर्याप्त जल आपूर्ति से औद्योगिक विकास होगा और रोजगार को बढ़ावा भी मिलेगा। इस परियोजना से उत्तर प्रदेश में 59 हजार हेक्टेयर वार्षिक सिंचाई सुविधा प्राप्त होगी एवं 1.92 लाख हेक्टेयर क्षेत्र में मौजूदा सिंचाई का स्थिरीकरण किया जायेगा, जिससे उत्तर प्रदेश के महोबा, झांसी, ललितपुर एवं बांदा जिलों में सिंचाई सुविधा प्राप्त होगी। परियोजना से मध्यप्रदेश की 44 लाख और उत्तर प्रदेश की 21 लाख आबादी को पेयजल की सुविधा उपलब्ध होगी।

### बांग्लादेशियों को चिन्हित कर देश से निकालने का काम होना चाहिए : गिरिराज सिंह

बेगूसराय (आरएनएस)। केंद्रीय मंत्री गिरिराज सिंह ने मंगलवार को स्पष्ट लहजे में कहा कि जितनी जल्दी हो बांग्लादेशियों को चिन्हित कर देश से बाहर निकालने का काम होना चाहिए।

बेगूसराय के सांसद और भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के वरिष्ठ नेता गिरिराज सिंह ने यहां पत्रकारों से चर्चा के दौरान कहा, मैं तो कहता हूं जितना जल्दी से जल्दी हो सके बांग्लादेशियों को चिन्हित करके उन्हें निकालने का काम होना चाहिए। क्योंकि, आज वे अराजकता का माहौल पैदा कर रहे है, सद्भावना के दुश्मन बन गए हैं। ये लोग अराजकता फैला रहे हैं। सद्भावना को बिगाड़ रहे हैं और गजवा-ए- हिंद की आवाज लगा रहे हैं।



*मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न स्व. अटल बिहारी वाजपेयी की 100 वीं जयंती पर उनके चित्रों पर आधारित प्रदर्शनी का शुभारंभ कर अवलोकन किया।*

## आरिफ मोहम्मद खान होंगे बिहार के नए राज्यपाल, जनरल वीके सिंह बने मिजोरम के गवर्नर



नई दिल्ली (ए)। भारत की राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने ओडिशा के राज्यपाल पद से रघुबर दास का इस्तीफा स्वीकार कर लिया है। उनकी जगह अब हरिबाबू को राज्यपाल बनाया गया है। इसके अलावा उन्होंने दो राज्यों के राज्यपाल को भी बदल दिया है। केरल के राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खान को अब बिहार का राज्यपाल नियुक्त किया है. पूर्व गृह सचिव अजय कुमार भल्ला को मणिपुर का गवर्नर बनाया गया है. आरिफ मोहम्मद खान को 6 सितंबर 2019 को केरल का राज्यपाल बनाया गया था. आरिफ मोहम्मद खान कई मुद्दे पर अपनी बात रखते रहे हैं, जिनकी वजह से वो अक्सर खबरों में भी बने रहते हैं. जहां तक ओडिशा के राज्यपाल रघुबर दास के इस्तीफे की बात है तो माना जा रहा है कि वो राजनीति की मुख्य धारा में वापस लौट सकते हैं. रघुवर दास को 18 अक्टूबर 2023 को ओडिशा का राज्यपाल नियुक्त किया गया था। राष्ट्रपति भवन ने मिजोरम के गवर्नर हरि बाबू को ओडिशा का नया राज्यपाल नियुक्त किया है। जनरल वीके सिंह को मिजोरम का गवर्नर बनाया गया है। बिहार के राज्यपाल राजेंद्र विश्वनाथ को केरल का नया गवर्नर बनाया गया है। केरल के राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खान को अब बिहार का गवर्नर नियुक्त किया गया है. पूर्व गृह सचिव अजय कुमार भल्ला को मणिपुर का राज्यपाल बनाया गया है।

### अधिकारी-कर्मचारियों को दिलाई सुशासन दिवस की शपथ

भोपाल (आरएनएस)। पूर्व प्रधानमंत्री भारत-रत्न से सम्मानित स्व. अटल बिहारी वाजपेयी की जयंती के एक दिन पूर्व मंगलवार को मंत्रालय में सुशासन दिवस मनाया गया। सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम मंत्री चैतन्य कुमार काश्यप ने मंत्रालय के सरदार वल्लभ भाई पटेल पार्क में प्रात: 11 बजे अधिकारी और कर्मचारियों को सुशासन की शपथ दिलाई। शपथ के पहले उन्होंने पूर्व प्रधानमंत्री स्व. वाजपेयी के चित्र पर माल्यार्पण किया। सभी अधिकारी एवं कर्मचारियों को प्रदेश में सुशासन के उच्चतम मापदंडों को स्थापित करने के लिए, शासन को अधिक पारदर्शी, सहभागी, जन-कल्याण केन्द्रित और जवाबदेह बनाने के लिए हरसंभव प्रयास करने एवं प्रदेश के नागरिकों के जीवन स्तर में सुधार लाने के लक्ष्य को पाने के लिए सदैव तत्पर रहने की शपथ दिलायी।

## इंदौर के बाद अब महाकाल की नगरी भी होगी भिखारियों से मुक्त

### -महाकाल थाना पुलिस ने रामघाट से 25 भिखारियों को पकड़ा, रेन बसेरा में भेजा



उज्जैन (ए)। इंदौर के बाद अब उज्जैन शहर को भी भिखारियों से मुक्त करने का अभियान तेज हो गया है। मंगलवार को महाकाल थाना पुलिस ने रामघाट क्षेत्र से 25 भिखारियों को पकड़ा है। आगे शहर के अन्य स्थानों पर भी इसी तरह की कार्रवाई की जाएगी।कलेक्टर नीरज सिंह ने कहा कि मिशन स्माइल के तहत भिखारियों के लिए पुनर्वास की व्यवस्था की जाएगी। एनजीओ की मदद से उनके रहने, खाने-पीने और रोजगार के अवसर उपलब्ध कराए जाएंगे। इस कदम का उद्देश्य न केवल शहर को भिखारी मुक्त बनाना है, बल्कि उनके जीवन को बेहतर दिशा देना भी है। केंद्र सरकार के स्माइल प्रोजेक्ट के तहत उज्जैन को करीब एक साल पहले भिखारी मुक्त शहर बनाने के लिए चुना गया था। हालांकि, भिखारियों के लिए उपयुक्त पुनर्वास केंद्र न होने के कारण यह योजना अब तक प्रभावी नहीं हो पाई थी। इंदौर की सफलता से प्रेरणा लेकर अब उज्जैन में भी यह प्रक्रिया शुरू की गई है।

### किन्नौर में एनएच-5 पर फंसे 20 पर्यटकों का पुलिस ने किया रेस्क्यू

किन्नौर (आरएनएस)। हिमाचल प्रदेश के किन्नौर में इन दिनों भारी बर्फबारी हो रही है। बर्फबारी देखने पहुंचे करीब 20 पर्यटक मलिंग और चांगो के बीच राष्ट्रीय राजमार्ग पर फंस गए। इन फंसे हुए लोगों को स्थानीय पुलिस ने सोमवार रात करीब 9 बजे कड़ी मशक्कत के बाद रेस्क्यू किया।

सोमवार रात करीब 9 बजे के आसपास अधिक बर्फबारी के कारण मलिंग और चांगो के बीच राष्ट्रीय राजमार्ग पर लगभग 20 पर्यटक बर्फबारी में फंसे होने की सूचना मिली। इसके बाद स्थानीय पुलिस इन लोगों को बचाने के लिए सक्रिय हो गई।

## एक बार फिर पांच हजार करोड़ रुपए का कर्ज ले रही प्रदेश सरकार

भोपाल (आरएनएस)। मोहन यादव सरकार एक बार फ्रि बाजार से पांच हजार करोड़ रुपए का कर्ज ले रही है। यह संयोग है कि आज बाजार से कर्ज लिया जा रहा है और कल केन बेतवा नदी जोड़ो परियोजना का शिलान्यास छतरपुर में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी करने वाले हैं। इसके साथ ही चालू वित्त वर्ष में राज्य सरकार द्वारा लिया जाने वाला कर्ज 30 हजार करोड़ हो जाएगा।आज लिए जाने वाले कर्ज की ब्याज के साथ भुगतान की कार्यवाही वर्ष 2045 और 2041 तक की जाएगी। आज लिए गए कर्ज के बाद राज्य सरकार पर कुल कर्ज 4 लाख पांच हजार 578 करोड़ रुपए हो जाएगा। वित्त विभाग के अधिकारियों के अनुसार जो लोन लिया जा रहा है वह एमपी के जीडीपी के मान से तय लोन लिमिट के भीतर ही है। इस ॠण राशि से मुख्यमंत्री लाड़ली बहना योजना और अन्य विकास कार्यों को अंजाम दिया जाएगा। मोहन सरकार ने अक्टूबर में नवरात्र शुरू होने के दस दिन पहले सितम्बर में 5 हजार करोड़ रुपए कर्ज लिया था। इसके बाद नवरात्र पर्व के दौरान भी पांच हजार करोड़ रुपए का लोन लिया गया था।

### जम्मू-कश्मीर में बड़ा हादसा

## 150 फीट गहरी खाई में गिरा सेना का वाहन, 5 जवान शहीद



श्रीनगर.(आरएनएस)। जम्मू-कश्मीर के मेंढर में नियंत्रण रेखा के पास जवानों को ले जा रहा सेना का एक वाहन खाई में गिर गया. सूत्रों ने बताया कि अब तक पांच शव बरामद किए गए हैं और वाहन में सवार कई सुरक्षाकर्मी गंभीर रूप से घायल हैं.भारतीय सेना का यह वाहन पुंछ के मेंढर में 150 फीट गहरी खाई में गिर गया. इस गाड़ी पर कुल 18 जवान सवार थे, जिनमें 6 जवान गंभीर रूप से घायल हो गए. प्राप्त जानकारी के मुताबिक, ये सभी जवान 11 मराठा रेजिमेंट के थे, जो लाइन ऑफ कंट्रोल (LoC) की ओर जा रहे थे. आर्मी ने जवानों की तलाश में रेस्क्यू ऑपरेशन शुरू कर दिया है.सेना के एक आधिकारी ने बताया, 'लगभग 18 सैनिकों को ले जा रहा भारतीय सेना का वाहन पुंछ जिले के बलनोई इलाके में 150 फीट गहरी खाई में गिर गया. कई सैनिक घायल हो गए हैं।

### आतिशी के खिलाफ अलका लांबा को उतारने की तैयारी में कांग्रेस, जल्द जारी होगी दूसरी सूची

नई दिल्ली (ए)। कांग्रेस दिल्ली विधानसभा चुनाव में कालकाजी सीट से मुख्यमंत्री आतिशी के खिलाफ अलका लांबा को उतारने की तैयारी है। सूत्रों



ने बताया कि उम्मीद है कि कांग्रेस पार्टी जल्द ही 28 और उम्मीदवारों की सूची जारी करेगी। कांग्रेस ने माह के शुरुआत में दिल्ली विधानसभा चुनाव के लिए 21 उम्मीदवारों की अपनी पहली सूची जारी की थी। इस सूची में कांग्रेस ने बादली से दिल्ली कांग्रेस अध्यक्ष देवेंद्र यादव को मैदान में उतारा है। पूर्व लोकसभा सदस्य और तीन बार की मुख्यमंत्री शीला दीक्षित के बेटे, संदीप दीक्षित को नई दिल्ली से मैदान में उतारा गया है, उनका सामना आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक और दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल से होगा हैं। कांग्रेस ने दिल्ली सरकार के पूर्व मंत्री हारून यूसुफ को बल्लीमारान, प्रदेश कांग्रेस कमेटी के पूर्व अध्यक्ष चौधरी अनिल कुमार को पटपड़गंज और राष्ट्रीय प्रवक्ता रागिनी नायक को वजीरपुर से उतारा है।

## लहसुन 400 रुपए किलो, महंगाई पर बोले राहुल गांधी



नई दिल्ली,(ए)। देश में बढ़ती महंगाई को लेकर कांग्रेस सांसद और लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने सरकार पर निशाना साधा है और कहा है कि महंगाई ने एक तरफ तो आम आदमी के किचन का बजट बिगाड़ दिया है और वहीं दूसरी तरफ सरकार कुंभकरण की नींद में सो रही है। राहुल गांधी का एक वीडियो जमकर वायरल हो रहा है, जिसमें वो सब्जी मार्केट में दुकानदार से लहसुन का दाम पूछते हैं और बताते हैं कि 400 रुपये किलो लहसुन बिक रहा, यही कभी 40 रुपये किलो बिका करता था।

दरअसल राहुल गांधी दिल्ली के गिरी नगर स्थित सब्जी मंडी पहुंचे थे और इस दौरान उन्होंने लहसुन, टमाटर, शलजम और अन्य सब्जियों के दाम दुकानदारों और ग्राहकों से पूछे। उन्होंने बताया कि लहसुन 400 रुपए किलो बिक रहा है, जो पहले कभी महज 40 रुपए किलो बिकता था। इस दौरे का वीडियो उन्होंने सोशल मीडिया पर शेयर करते हुए लिखा, महंगाई ने आम आदमी की रसोई का बजट बिगाड़ कर रख दिया है, और सरकार कुंभकरण की नींद में सो रही है।इस वायरल हुए वीडियो में महिलाएं और सब्जी विक्रेता महंगाई को लेकर अपनी समस्याएं साझा करते नजर आ रहे हैं। एक महिला ने कहा, पहले जो सब्जियां 500 रुपए में आ जाती थीं, अब वही 1000 रुपए में मिल रही हैं।

### तीसरी आंख




## सरकारी और निजी अस्पतालों में मुफ्त हो रेप, एसिड हमलों के पीड़ित का इलाज : हाई कोर्ट




नई दिल्ली (ए)। दिल्लीन हाई कोर्ट ने एक ऐतिहासिक आदेश में कहा है कि रेप, एसिड हमलों, यौन हमलों और पॉक्सो मामलों के पीड़ित सरकारी और निजी अस्पतालों और यहां तक की नर्सिंग होम्सम में भी मुफ्त इलाज के हकदार हैं। हाईकोर्ट की खंडपीठ ने फैसला सुनाया कि केंद्र और सभी राज्य सरकार से वित्त पोषित संस्थानों के साथ ही निजी अस्पतालों, क्लीनिकों और नर्सिंग होमों को निर्देश का पालन करना चाहिए, जिससे यह सुनिश्चित किया जा सके कि रेप, एसिड हमलों और पॉक्सो मामलों के सर्वाइवर्स को तुरंत मेडिकल केयर और आवश्यक सेवाएं मिलें। अदालत ने साफ किया कि इलाज में फर्स्टो एड, डायग्नोकसिस, आंतरिक रोगी देखभाल, बाह्य फॉलोअप्स , डायग्नोसस्टिक और लेबोरेट्री टेस्टि, यदि जरूरी हो तो सर्जरी, शारीरिक और मानसिक परामर्श, मनोवैज्ञानिक सहायता और पारिवारिक परामर्श शामिल हैं। कोर्ट ने कहा कि न्यायपालिका के सामने नियमित रूप से बड़ी संख्या में रेप और पॉक्सो के मामले आते हैं। इन मामलों के सर्वाइवर्स को अक्सर तुरंत चिकित्सा या लंबे समय तक चिकित्सा सहायता की आवश्यकता होती है ।

### भाजपा नेता कुलदीप सेंगर की अंतरिम जमानत 20 जनवरी तक बढ़ी

नई दिल्ली (ए)। उन्नाव बलात्कार मामले में दिल्ली उच्च न्यायालय ने भाजपा नेता कुलदीप सेंगर की अंतरिम जमानत 20 जनवरी तक बढ़ा दी। भाजपा नेता सेंगर उन्नाव बलात्कार पीड़िता के पिता की हिरासत में मौत के मामले में 10 साल की जेल की सजा काट रहा है। चिकित्सा आधार पर अंतरिम जमानत बढ़ाने की सेंगर की याचिका पर सुनवाई कर न्यायमूर्ति मनोज कुमार ओहरी ने जमानत विस्तार का आदेश दिया।20 दिसंबर को सुनवाई में जस्टिस प्रतिभा एम सिंह और जस्टिस अमित शर्मा की पीठ ने सेंगर की जमानत 20 जनवरी तक बढ़ा दी।

### बेबी जॉन की सफलता के लिए महाकाल के दरबार में पहुँची टीम

भोपाल (आरएनएस)। वरुण धवन, कीर्ति सुरेश और वामिका गब्बी की फिल्म 'बेबी जॉन' को लेकर फैंस में जबरदस्त क्रेज है। फिल्म 25 दिसंबर को सिनेमाघरों में दस्तक देगी। फिल्म की रिलीज से पहले वरुण धवन, कीर्ति, वामिका और फिल्म की पूरी टीम मध्य प्रदेश के उज्जैन स्थित महाकाल के दर्शन करने पहुंची। इस दौरान उन्होंने भस्म आरती में हिस्सा लिया। इसकी तस्वीरें और वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहे हैं। एक वीडियो में वरुण और फिल्म की टीम एटली के साथ बाबा के दरबार में बैठी नजर आई। टीम भस्म आरती में भी शामिल हुई। टीम ने आरती के दौरान माथे पर भस्म लगाया और जल ग्रहण किया। सब हाथ जोड़े भक्ति में डूबे नजर आए। दर्शन करने के लिए वरुण और एटली दोनों ही सफेद कुर्ता-पजामा पहनकर मंदिर पहुंचे थे, वहीं कीर्ति साड़ी में दिखीं।

### शिक्षकों का दंडवत मार्च, अब उज्जैन में महिलाएं करायेंगी मुंडन

भोपाल (आरएनएस)। राजधानी भोपाल में प्रदेशभर से शिक्षक वर्ग एक के वेटिंग उम्मीदवार बीते सोमवार को राजधानी भोपाल पहुंचे, जहां उन्होंने अपनी मांगो से संबंधित नारे लगाते हुए रानी कमलापति रेलवे स्टेशन से लोक शिक्षण संचालनालय गौतम नगर तक दंडवत मार्च निकाला। इस दौरान पुरुष और महिला उम्मीदवारों ने करीब 3 किलोमीटर की यात्रा जमीन पर लेटकर पूरी की। शिक्षक भर्ती 2023 की दूसरी काउंसलिंग में ये उम्मीदवार 20 हजार पद बढ़ाने की मांग कर रहे हैं। महिला उम्मीदवारों ने कहा है कि अगर मांगे नहीं मानी तो सीएम के क्षेत्र उज्जैन में मुंडन कराएंगी।

सिंघार ने किया शिक्षकों का समर्थन

इधर नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार ने भी उम्मीदवारों का समर्थन किया है। प्रदेश भर से आए अभ्यर्थियों का कहना था, कि यदि सरकार वर्ग 1 में पदों की संख्या नहीं बढ़ाती तो हमें अब नौकरी नहीं मिल पाएगी। इसका कारण 40 प्रतिशत वेटिंग अभ्यर्थियों का ओवर एज होना है। अभ्यर्थियों ने बताया कि अब तक वर्ग में पदों की वृद्धि के लिए स्कूल शिक्षा मंत्री समेत विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों से मिल चुके हैं, लेकिन वहां से कोई संतोषजनक आश्वासन नहीं मिला।



# कथा श्रवण से मिलती है जीवन दर्शन की राह : मुख्यमंत्री डॉ. यादव

## सत्कर्म से मनुष्य अपने जीवन को बना सकते हैं सार्थक

भोपाल (ए)। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि सनातन संस्कृति का अपना विशेष महत्व है। मनुष्य जीवन सत्कर्म के लिए प्राप्त हुआ है। कथा श्रवण के माध्यम से हमें जीवन दर्शन की राह मिलती है, जो हमें सदमार्ग की ओर चलने के लिए सदैव प्रेरित करती है। गौमाता की सेवा भगवान की सेवा के समान है। संत कमल किशोर नागर महाराज गौसेवा के एक बड़े संकल्प के साथ आगे बढ़ रहे है। संत श्री के प्रयासों से मालवा, निमाड़, जनजाति अंचल सहित प्रदेश भर में गौमाताओं के पालन का दायित्व निस्वार्थ भाव से किया जा रहा है, जो प्रशंसनीय और वंदनीय है। भगवत गीता से हमें कर्म के प्रति आगे बढ़ने की प्रेरणा मिलती है, इसलिए आवश्यक है कि प्रत्येक व्यक्ति ऐसे सदकर्म करें, जिससे उनकी भावी पीढ़ी पुण्य के मार्ग पर चले और मनुष्य जीवन को सार्थक बनाए। मुख्यमंत्री डॉ. यादव मंगलवार को इंदौर जिले के सांवेर स्थित चित्तौडा में श्रीमद्भागवत गौशाला में आयोजित भागवत कथा में उपस्थित श्रृद्धालुओं को संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने श्रीमद्भागवत गौशाला चित्तौडा की भूमि को गौशाला के नाम करने की घोषणा की। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार द्वारा गीता जयंती के आयोजन से पूरे प्रदेश में भगवान श्रीकृष्ण के कर्म के संदेश को पहुंचाने का कार्य किया गया है। संत कमल किशोर जी नागर के द्वारा निस्वार्थ भाव से गौशाला संचालन के लिए जो पुनीत कार्य की अलख जगाई गई है, वह वंदनीय है। संत श्री ने गौशाला संचालन के साथ कई आदर्श निर्मित किए हैं, जो समाज को एक नई दिशा देने का कार्य कर रहे है। उन्होंने प्रदेश के जल संसाधन मंत्री तुलसीराम सिलावट के प्रयासों की भी सराहना की। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रदेश में नदी जोड़ो अभियान विकास को एक नई दिशा देने का काम करेगा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 25 दिसम्बर को केन-बेतवा नदी जोड़ो अभियान के माध्यम से विकास को एक नई दिशा देंगे। उन्होंने कहा प्रदेश में दो नदी जोड़ो अभियान से लगभग 25 जिलों के बड़े क्षेत्रों में सिंचाई का रकबा बढ़ेगा, जिससे मालवा और बुंदेलखंड क्षेत्र की तस्वीर और तकदीर बदलेगी। नदी जोड़ो अभियान से प्रदेश का बड़ा क्षेत्र लाभान्वित होगा। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रदेश सरकार ने गोवंश पालन को प्रोत्साहित करने के लिए विशेष प्रयास किए हैं। घर-घर गोपाल और गांव-गांव वृंदावन बने, इसके लिए प्रदेश के 313 ब्लॉक के एक-एक गांव में जहां 500 से अधिक गोवंश होगा, उनको वृंदावन गांव बनाकर आदर्श रूप में विकसित करेंगे। वहीं 10 से अधिक गौमाता पालने वाले पशुपालकों को अनुदान देकर प्रोत्साहित करेंगे ताकि घर-घर गोपाल बने। उन्होंने कहा कि आने वाले समय में दूध खरीदी पर बोनस भी दिया जाएगा। हमारा लक्ष्य कि जिससे घर-घर दूध उत्पादन बढ़े और प्रदेश दुग्ध उत्पादन के क्षेत्र में आत्मनिर्भर हो। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश में गोपालन के प्रति लोगों में रुचि बढ़े, इसके लिए विशेष प्रयास किए जा रहे है। उन्होंने संत कमल किशोर जी नागर द्वारा गोवंश संरक्षण एवं गौशाला के लिए किए जा रहे प्रयासों की प्रशंसा की। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने व्यास पीठ का पूजन कर संत श्री नागर का शाल भेंट कर अभिनंदन किया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव का साफा बांधकर सम्मान किया गया। इस अवसर पर विधायक श्री रमेश मेंदोला, श्री चिंदू वर्मा सहित श्रीमद्भागवत गौ-शाला चित्तौडा के पदाधिकारी एवं बड़ी संख्या में धर्मावलंबी उपस्थित थे।



मुख्यमंत्री डॉ. यादव चित्तौडा में श्रीमद्भागवत कथा में हुए शामिल



नगरीय विकास एवं आवास राज्य मंत्री श्रीमती प्रतिमा बागरी ने मानस भवन में उपभोक्ता संरक्षण परिषद द्वारा आयोजित राष्ट्रीय उपभोक्ता दिवस समारोह को संबोधित किया।

# भोपाल मंडल की पैसेंजर/मेमू ट्रेनें अस्थाई रूप से निरस्त

भोपाल (निप्र)। रेल प्रशासन द्वारा महाकुम्भ के चलते अपरिहार्य कारणों से भोपाल मंडल से गुजरने वाली निम्नलिखित पैसेंजर/मेमू यात्री गाड़ियों को निरस्त करने का निर्णय लिया गया है:-

**दिनांक 27.12.2024 से 28.02.2025 तक निम्न लिखित गाड़ियाँ निरस्त रहेंगी**

1. गाड़ी संख्या 06603/06604 – बीना-कटनी मुडवारा-बीना पैसेंजर स्पेशल मेमू, 2. गाड़ी संख्या 06623/06624 – कटनी-बरगवां-कटनी मेमू स्पेशल, 3. गाड़ी संख्या 11606/11605 – भोपाल-बीना मेमू, 4. गाड़ी संख्या 06632 – बीना-भोपाल पैसेंजर स्पेशल मेमू

**दिनांक 28.12.2024 से 01.03.2025 तक निम्न लिखित गाड़ियाँ निरस्त रहेंगी**

5.गाड़ी संख्या 06631 – भोपाल-बीना पैसेंजर स्पेशल मेमू यात्रियों से अनुरोध है कि असुविधा से बचने के लिए रेलवे द्वारा अधिकृत रेलवे पूछताछ सेवा NTES/139 से गाड़ी की सही स्थिति की जानकारी प्राप्त कर यात्रा प्रारंभ करें।

# मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने स्व. श्रीमती सुमन देवी को पुष्पांजलि अर्पित कर दी श्रद्धांजलि

भोपाल (ए)। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने मंगलवार को बैतूल जिले के ब्लॉक भीमपुर के ग्राम कुंडबकाजन में विधायक भैंसदेही महेंद्र सिंह चौहान के निवास पहुंचकर उनकी माता स्व. श्रीमती सुमन देवी चौहान को पुष्पांजलि अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने शोकाकुल परिवार को ढांढस बंधाया। इस दौरान विधायक हेमंत खंडेलवाल, विधायक डॉ. योगेश पंडाग्रे, विधायक चंद्रशेखर देशमुख, जिला पंचायत अध्यक्ष राजा पवार, जिला अध्यक्ष बबला शुक्ला सहित जन-प्रतिनिधि उपस्थित रहें।

# उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने स्वास्थ्य संस्थानों के निर्माण कार्यों और नियुक्तियों की प्रगति की समीक्षा की

भोपाल (ए)। उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल ने कहा है कि आईपीएचएस मानकों के अनुरूप कैबिनेट द्वारा स्वीकृत पदों पर भर्ती प्रक्रिया को निर्धारित समय-सीमा में पूर्ण किया जाए। उन्होंने कहा कि नवीन स्वीकृत पदों के साथ रिक्त पदों की पूर्ति के लिए आवश्यक प्रावधान सुनिश्चित किए जाएं, जिससे स्वास्थ्य सेवाओं को और अधिक प्रभावी और सुलभ बनाया जा सके। उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने मंत्रालय में स्वास्थ्य संस्थानों के निर्माण कार्यों और चिकित्सकीय व सहायक चिकित्सकीय पदों पर नियुक्तियों की अद्यतन स्थिति की विस्तृत समीक्षा की। उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने नवीन जिला चिकित्सालयों में पदों की पूर्ति की स्थिति की भी समीक्षा की। उप मुख्यमंत्री ने स्वास्थ्य संस्थानों के निर्माणाधीन कार्यों की सतत निगरानी और समय-सीमा में पूरा करने के निर्देश दिए। आयुक्त स्वास्थ्य तरुण राठी, एमडी एमपीबीडीसी डॉ. पंकज जैन, सहित विभागीय वरिष्ठ अधिकारी, पीआईयू और एमपीबीडीसी के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

# विमुक्त, घुमन्तु एवं अर्ध-घुमंतु विद्यार्थियों को मुख्य धारा से जोड़ने में देश में तीसरे स्थान पर मध्यप्रदेश

## 50 विद्यार्थियों का राष्ट्रीय स्तर पर बडी-फॉर-स्टडी के लिए चयन, मिलेगी फ्री कोचिंग और स्कॉलरशिप

भोपाल (ए)। मध्यप्रदेश के विमुक्त, घुमन्तु एवं अर्ध-घुमन्तु समुदाय के 50 विद्यार्थियों का केन्द्रीय सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय के अंतर्गत संचालित फ्री कोचिंग और स्कॉलरशिप। स्कीम बडी-फॉर-स्टडी के लिये राष्ट्रीय स्तर पर चयन हुआ है। इसमें प्रदेश को यह सफलता मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के मार्गदर्शन में विमुक्त, घुमन्तु और अर्ध-घुमन्तु कल्याण विभाग की मंत्री श्रीमती कृष्णा गौर और अधिकारियों के अथक प्रयासों से मिली है। मंत्री श्रीमती गौर ने इसके लिए केन्द्र सरकार का आभार व्यक्त किया है। विमुक्त, घुमन्तु एवं अर्ध-घुमन्तु समुदाय के सशक्तिकरण के लिए राष्ट्रीय बोर्ड एवं विकास बोर्ड की सीड परियोजना में आवास, आजीविका, स्वास्थ्य एवं शिक्षा के क्षेत्र में कई योजनाएं संचालित की जा रही हैं। विभाग में पहली बार समुदाय के विद्यार्थियों की कोचिंग बडी-फॉर-स्टडी के माध्यम से संचालित की जा रही है। विभाग के अपर मुख्य सचिव अजीत केसरी के मार्गदर्शन में 11 नवंबर को राज्य स्तरीय वर्कशॉप का आयोजन किया गया, इसमें जिलों में तैनात सहायक संचालकों को बडी-फॉर-स्टडी के प्रशिक्षकों ने प्रशिक्षण दिया। प्रशिक्षण के दौरान अधिकारियों को योजना की विस्तृत जानकारी के साथ ही बताया गया कि विमुक्त, घुमन्तु और अर्ध-घुमन्तु समुदाय के विद्यार्थियों को किस तरह आवेदन कराया जाएगा। जिलों में तैनात अधिकारियों ने विद्यार्थियों को इस राष्ट्रीय स्तर की निःशुल्क कोचिंग योजना के लिये बडी-फॉर-स्टडी पोर्टल पर आवेदन कराया गया। पहली ही बार में मध्यप्रदेश के 50 विद्यार्थियों का राष्ट्रीय स्तर की इस कोचिंग एवं स्कॉलरशिप के लिए चयन हुआ है। चयनित विद्यार्थियों में खरगौन के 12, सतना के 09, इंदौर के 06, गुना के 05, ग्वालियर के 05, अशोकनगर के 02, सागर के 02 और बड़वानी, भोपाल, बुरहानपुर, देवास, जबलपुर, कटनी, खंडवा, पन्ना और उमरिया के 01-01 विद्यार्थी सम्मिलित हैं। भारत सरकार के सामाजिक न्याय एवं आधिकारिता मंत्रालय द्वारा गठित राष्ट्रीय बोर्ड विमुक्त, घुमन्तु एवं अर्ध-घुमन्तु समुदाय कल्याण एवं विकास बोर्ड द्वारा संचालित राष्ट्रीय स्तर की इस निःशुल्क कोचिंग व स्कॉरलशिप के लिए 50 बच्चों के चयन से मध्यप्रदेश देश में तीसरे स्थान पर रहा है।

# सियागहन से मांगरोल मार्ग पर हुई दुर्घटना में लापरवाही पर लोक निर्माण विभाग के दो अधिकारी निलंबित

**कलेक्टर द्वारा तीनो मृतकों के परिवार को 2 लाख की आर्थिक सहायता स्वीकृत**

भोपाल (निप्र)। संभाग बुधनी अंतर्गत लोक निर्माण विभाग की सियागहन से मांगरोल मार्ग पर निर्माणाधीन बाक्स कल्वर्ट के निर्माण कार्य के दौरान पूर्व से निर्मित दीवार के अचानक गिरने से चार मजदूर उसमे दब गये प्रशासन द्वारा रेस्क्यू कर बाहर निकाला गया। इस दुर्घटना में तीन मजदूरों की मृत्यु हो गई और एक मजदूर इलाज हेतु अस्पताल में भर्ती है।कलेक्टर द्वारा तीनो मृतकों के परिवार को 2 लाख की आर्थिक सहायता स्वीकृत की गई। प्रारंभिक जांच में कार्य स्थल पर पर्यवेक्षण में लापरवाही पाई गई। मध्य प्रदेश सिविल सेवा नियम 1966 के नियम 9 के प्रावधानों के तहत लोक निर्माण विभाग के प्रभारी अनुविभागीय अधिकारी एस.के. जैन और उपयंत्री आर.पी. सिंह को प्रथम दृष्टया दोषी पाए जाने पर तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया है।

# जहांगीराबाद में दो पक्षों के बीच विवाद, एक-दूसरे पर किया पथराव, महिलाओ ने भी तलवारें लहराई



भोपाल (ए)। राजधानी क जहांगीराबाद थाना इलाके में मंगलवार सुबह दो पक्षों के बीच जमकर विवाद हो गया। देखते ही देखते विवाद इतना बढ़ा की उनके बीच पथराव शुरु हो गया। इस दौरान कई लोगों ने तलवारे लहराते हुए वाहनो में तोड़फोड़ कर दी। उपद्रव की सूचना मिलते ही आाल अफसरो सहित भारी संख्या में पुलिस बल मौके पर पहुंचा और मोर्चा संभालते हुए स्थिति को नियत्रंण में किया। पथराव में करीब आधा दर्जन से अधिक लोगो के घायल होने की सूचना हैं। जानकारी के अनुसार जहांगीराबाद थाना क्षेत्र स्थित पुरानी गल्ला मंडी के सरकारपुरा में दो दिन पहले तेज वाहन चलाने को लेकर दो दिन पहले दो युवकों के बीच मारपीट हो गई थी। जिसमे एक युवक के सीने पर चाकू लग गया था। इस मामले मे पुलिस ने पांच लोगो के खिलाफ मामला कायम करते हुए तीन आरोपियो को गिरफ्तार कर लिया था, जबिक दो आरोपी फरार चल रहे थे। मंगलवार को एक फरार आरोपी के मोहल्ले मे नजर आने पर दोनों पक्षों में विवाद हो गया। झगड़ा बढ़ने पर दोनों पक्षों ने एक दूसरे पर पथराव करना शुरु कर दिया और बाद में धारदार हथियार सहित तलवारे भी लहराई।

पथराव और हंगामे के चलते क्षेत्र में तनाव फैल गया। एडिशनल पुलिस कमिश्नर अवघेश गोस्वामी, डीसीपी प्रियंका शुक्ला ने बताया कि दो दिन पहले विवाद के एक फरार आरोपी के मोहल्ले मे नजर आने पर पहले पक्ष ने हंगामा कर दिया जिसके बाद दोनो पक्ष आमने-सामने आ गए थे। पथराव में दो घायलो का मेडिकल कराया गया है। मामले मे प्रकरण दर्ज कर तीन आरोपियो को फिलहाल हिरासत में लिया गया है, जिनमें पूर्व के मामले के फरार आरोपी भी शामिल है। पथराव और धारदार हथियार लहराने के वीडियो भी सोशल मीडिया पर वायरल हुए है। अफसरो का कहना है, कि मामला दर्ज कर आगे की कार्यवाही की जा रही है, और घटना के सामने आए वीडियो के आधार पर भी उपद्रव करने वाले आरोपियो की पहचान कर उन्हें खिलाफ कड़ी कार्यवाही की जायेगी। पुलिस के पहुचंने के बाद स्थिति पूरी तरह से नियत्रंण में है, वहीं एहतियात के लिये क्षेत्र में भारी पुलिस बल की तैनाती करते हुए इलाके को छावनी में तब्दील कर दिया गया है।

# भोपाल रेलवे स्टेशन पर इमरजेंसी मेडिकल रूम का उद्घाटन



भोपाल (निप्र)। भोपाल रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म नंबर 1 पर मंडल रेल प्रबंधक देवाशीष त्रिपाठी द्वारा इमरजेंसी मेडिकल रूम का उद्घाटन किया गया। यह सुविधा भोपाल रेल मंडल और अथर्व ज्योति हॉस्पिटल के संयुक्त तत्वधान से शुरू की गई है। वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक सौरभ कटारिया ने बताया कि इस इमरजेंसी मेडिकल रूम का उद्देश्य यात्रियों को आपातकालीन चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराना है, ताकि किसी भी आकस्मिक स्थिति में त्वरित और प्रभावी सहायता दी जा सके। इस इमरजेंसी मेडिकल रूम में यात्रियों को 24×7 विभिन्न चिकित्सा सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएंगी। इनमें प्राथमिक चिकित्सा सामग्री, ऑक्सीजन सिलेंडर, और एम्बुलेंस सेवा शामिल हैं, जो किसी भी आपातकालीन स्थिति में तुरंत सहायता प्रदान करेंगी। इसके अलावा, नेब्यूलाइजेशन, पल्स ऑक्सीमीटर, और ईसीजी मशीन जैसी उन्नत चिकित्सा सुविधाएं भी यहां उपलब्ध हैं। यात्रियों की नियमित स्वास्थ्य जांच के लिए बीपी और शुगर चेकअप की सुविधा दी गई है। जरूरतमंद यात्रियों के लिए व्हीलचेयर और स्ट्रेचर का प्रबंध किया गया है। साथ ही, इस मेडिकल रूम में प्रशिक्षित डॉक्टर और पैरामेडिकल स्टाफ हमेशा सेवा के लिए उपलब्ध रहेंगे, जिससे रेलवे स्टेशन पर ही त्वरित और प्रभावी चिकित्सा सहायता प्रदान की जा सके। इस इमरजेंसी मेडिकल रूम की एक विशेषता यह है कि इसमें मौजूद प्रशिक्षित डॉक्टर और पैरामेडिकल स्टाफ ट्रेन में यात्रा कर रहे किसी भी यात्री को आपातकालीन चिकित्सा सहायता देने के लिए भी तैयार रहेगा। यदि किसी ट्रेन में किसी यात्री की तबीयत खराब होने की सूचना प्राप्त होती है, तो यह टीम ट्रेन के भोपाल स्टेशन पर पहुंचते ही उस यात्री को सहायता प्रदान करेगी। मुख्य चिकित्सा अधीक्षक (रेलवे अस्पताल) डॉ. अजय डोगरा ने कहा कि रेल यात्रियों की सुरक्षा और स्वास्थ्य रेलवे की प्राथमिकता है। इस इमरजेंसी रूम के माध्यम से यात्रीगण अब रेलवे स्टेशन पर ही त्वरित चिकित्सा सहायता प्राप्त कर सकेंगे। इस अवसर पर वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक सौरभ कटारिया, मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डॉ. अजय डोगरा, मंडल इंजीनियर (मुख्यालय) श्याम नागर, मंडल वाणिज्य प्रबंधक पंकज कुमार दुबे ,अथर्व ज्योति हॉस्पिटल की मेडिकल टीम सहित अन्य रेलवे अधिकारी और कर्मचारीगण उपस्थित रहे। उपस्थित यात्रियों ने इस पहल की सराहना की और इसे रेलवे की यात्रियों के प्रति संवेदनशीलता का प्रतीक बताया। रेल प्रशासन द्वारा यात्रियों के स्वास्थ्य और सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए यह सुविधा सुनिश्चित की गई है। भोपाल स्टेशन पर इस प्रकार की सुविधा यात्रियों के भरोसे को और भी मजबूत करेगी और यात्रा को अधिक सुरक्षित और आरामदायक बनाएगी।

# इक़बाल मैदान पर धारा 144 हटाने की माँगः विरासत-ए-भोपाल मंच ने जिलाधीश को सौंपा ज्ञापन

भोपाल (मोहम्मद उवैस रहमानी )। भोपाल की सांस्कृतिक और ऐतिहासिक धरोहर को संरक्षित रखने के उद्देश्य से विरासत-ए-भोपाल मंच ने आज इक़बाल मैदान से धारा 144 हटाने की माँग को लेकर जिलाधीश को एक ज्ञापन सौंपा। कलेक्टर कार्यालय में आयोजित इस कार्यक्रम में मंच के वरिष्ठ सदस्यों, नागरिकों और समाज के विभिन्न वर्गों के प्रतिनिधियों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया।

**इक़बाल मैदान का महत्वः-**

मंच के संयोजक मोहीसिन अली खान ने इक़बाल मैदान को भोपाल की सांस्कृतिक और सामाजिक गतिविधियों का केंद्र बताया। उन्होंने कहा, "इक़बाल मैदान केवल एक स्थान नहीं है, बल्कि यह भोपाल की ऐतिहासिक पहचान का प्रतीक है। इसे पुनः आम जनता के लिए खोलना हमारी सांस्कृतिक धरोहर को जीवित रखने के लिए आवश्यक है।"




**माँग और अपीलः-**

कार्यक्रम में उपस्थित प्रतिनिधियों ने कहा कि इक़बाल मैदान वर्षों से सांस्कृतिक, सामाजिक और राजनीतिक गतिविधियों का मुख्य केंद्र रहा है। धारा 144 लगाए जाने के बाद यह स्थान आम जनता की पहुँच से बाहर हो गया है, जो भोपाल की विरासत के साथ अन्याय है।

ज्ञापन के माध्यम से मंच ने जिलाधीश से अपील की कि धारा 144 को तत्काल हटाकर इक़बाल मैदान को पुनः जनता के लिए खोला जाए, ताकि यह स्थान अपनी पुरानी गरिमा और महत्व को पुनः प्राप्त कर सके।

**सामाजिक जागरूकताः-**

विरासत-ए-भोपाल मंच के इस प्रयास को शहरवासियों का भी व्यापक समर्थन मिल रहा है। यह अभियान न केवल इक़बाल मैदान की बहाली के लिए है, बल्कि भोपाल की सांस्कृतिक विरासत के संरक्षण और संवर्धन के लिए भी एक महत्वपूर्ण पहल है।

# राज्य स्तरीय संगोष्ठी सहकार से समृद्धि 25 दिसंबर को


भोपाल (ए)। सहकारिता मंत्री विश्वास कैलाश सारंग के मुख्य आतिथ्य में बुधवार 25 दिसंबर को समन्वय भवन अपेक्स बैंक भोपाल में राज्य स्तरीय संगोष्ठी सहकार से समृद्धि आयोजित की गई है। यह कार्यक्रम दोपहर 1:40 बजे शुरू होगा। राज्य सहकारी बैंक मर्यादित के प्रभारी प्रबंध संचालक मनोज कुमार गुप्ता ने बताया कि कार्यक्रम की अध्यक्षता अपर मुख्य सचिव एवं प्रशासक अपेक्स बैंक अशोक वर्णवाल करेंगे। आयुक्त सहकारिता एवं पंजीयक सहकारी संस्थाएं मनोज पुष्प कार्यक्रम के विशेष अतिथि होंगे।

# अधिकारी-कर्मचारियों को दिलाई सुशासन दिवस की शपथ



भोपाल (निप्र)। पूर्व प्रधानमंत्री भारत-रत्न से सम्मानित स्व. अटल बिहारी वाजपेयी की जयंती के एक दिन पूर्व मंगलवार को मंत्रालय में सुशासन दिवस मनाया गया। सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम मंत्री चैतन्य कुमार काश्यप ने मंत्रालय के सरदार वल्लभ भाई पटेल पार्क में प्रातः 11 बजे अधिकारी और कर्मचारियों को सुशासन की शपथ दिलाई। शपथ के पहले उन्होंने पूर्व प्रधानमंत्री स्व. वाजपेयी के चित्र पर माल्यार्पण किया। सभी अधिकारी एवं कर्मचारियों को प्रदेश में सुशासन के उच्चतम मापदंडों को स्थापित करने के लिए, शासन को अधिक पारदर्शी, सहभागी, जन-कल्याण केन्द्रित और जवाबदेह बनाने के लिए हरसंभव प्रयास करने एवं प्रदेश के नागरिकों के जीवन स्तर में सुधार लाने के लक्ष्य को पाने के लिए सदैव तत्पर रहने की शपथ दिलायी। इस अवसर पर मुख्य सचिव अनुराग जैन, अपर मुख्य सचिव संजय दुबे, सचिव एम. सेल्वेंद्रन सहित मंत्रालय,सतपुड़ा एवं विंध्याचल भवन के अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित थे।

# सिकंदराबाद मंडल में नॉन इंटरलॉकिंग कार्य के चलते गाड़ियों का निरस्तीकरण




भोपाल (निप्र)। दक्षिण मध्य रेलवे, सिकंदराबाद मंडल में काजीपेट – विजयवाड़ा खंड के मोटूमारी जंक्शन स्टेशन पर इंटरलॉकिंग कार्य के चलते भोपाल मंडला से होकर गुजरने वाली कुछ यात्री गाड़ियों को निरस्त करने का निर्णय लिया गया है, जिनका विवरण निम्न लिखित है:-

1. गाड़ी संख्या 22646 कोच्चुवेली-इंदौर एक्सप्रेस दिनांक 28.12.2024 से 04.01.2025 तक निरस्त रहेगी।
2. गाड़ी संख्या 22645 इंदौर-कोच्चुवेली एक्सप्रेस दिनांक 30.12.2024 से 06.01.2025 तक निरस्त रहेगी।
3. गाड़ी संख्या 12511 गोरखपुर-कोचूवेली एक्सप्रेस दिनांक 26.12.2024 से 05.01.2025 तक निरस्त रहेगी।
4. गाड़ी संख्या 12512 कोचूवेली-गोरखपुर एक्सप्रेस दिनांक 31.12.2024 से 08.01.2025 तक निरस्त रहेगी।
5. गाड़ी संख्या 12521 बरौनी-एर्नाकुलम एक्सप्रेस दिनांक 23.12.2024 से 06.01.2025 तक निरस्त रहेगी।
6. गाड़ी संख्या 12522 एर्नाकुलम-बरौनी एक्सप्रेस दिनांक 27.12.2024 से 10.01.2025 तक निरस्त रहेगी।
7. गाड़ी संख्या 01927 कानुपर-मदुरै स्पेशल दिनांक 25.12.2024 से 08.01.2025 तक निरस्त रहेगी।
8. गाड़ी संख्या 01928 मदुरै-कानुपर स्पेशल दिनांक 27.12.2024 से 10.01.2025 तक निरस्त रहेगी।
9. गाड़ी संख्या 04717 हिसार-तिरुपति स्पेशल दिनांक 28.12.2024 एवं 04.01.2025 को निरस्त रहेगी।
10. गाड़ी संख्या 04718 तिरुपति-हिसार स्पेशल दिनांक 30.12.2024 एवं 06.01.2025 को निरस्त रहेगी।
11. गाड़ी संख्या 06509 केएसआर बेंगलुरू – दानापुर एक्सप्रेस स्पेशल ट्रेन दिनांक 30.12.2024 एवं 06.01.2025 को निरस्त रहेगी।
12. गाड़ी संख्या 06510 दानापुर – केएसआर बेंगलुरू एक्सप्रेस स्पेशल ट्रेन दिनांक 01.01.2025 एवं 08.01.2025 को निरस्त रहेगी। यात्रियों से अनुरोध है कि असुविधा से बचने के लिए रेलवे द्वारा अधिकृत रेलवे पूछताछ सेवा NTES/139 से गाड़ी की सही स्थिति की जानकारी प्राप्त कर यात्रा प्रारंभ करें।

# दो दिन से जमे हुए हैं बादल, मावठा गिरेगा, तेज ठंड पड़ेगी



इंदौर (ए.)। इंदौर में सोमवार को पूरे दिन बादलों की आमद के बाद मंगलवार को भी तेज ठंड है। सुबह से घना कोहरा है और 10 बजे तक सूर्य देवता को देखने के लिए आंखें तरस गई हैं। ठंडी हवाओं और बादलों के कारण दिन के तापमान में हल्की गिरावट दर्ज की गई है और रात का तापमान सामान्य से कुछ अधिक चल रहा है। मौसम विभाग के अनुसार, प्रदेश में वेस्टर्न डिस्टर्बेंस और राजस्थान के ऊपर लो प्रेशर एरिया की सक्रियता के कारण यह बदलाव हो रहा है।

**तापमान की स्थिति**

सोमवार का अधिकतम तापमान 25.2एष्ट रिकॉर्ड किया गया, जो सामान्य से 2 डिग्री कम है। न्यूनतम तापमान 15.4एष्ट रहा, जो सामान्य से 5 डिग्री अधिक है। बादलों की वजह से अधिक ठंड लग रही है।

**सीजन का पहला मावठा गिरने की तैयारी**

अगले 24 घंटों में इंदौर और आसपास के क्षेत्रों में हल्की बूंदाबांदी के आसार हैं। 24 से 28 दिसंबर के बीच प्रदेश में सीजन का पहला मावठा गिरने की संभावना है। कुछ हिस्सों में ओले गिरने की भी संभावना जताई गई है। उत्तर-पश्चिमी हवाओं के कारण ठंड बढ़ने की संभावना है। अरब सागर और बंगाल की खाड़ी से नमी आने के कारण बारिश और ओलावृष्टि हो सकती है।

**एक सप्ताह के बाद में बढ़ेगी ठंड**

आने वाले दिनों में इंदौर सहित पूरे मध्य प्रदेश में ठंड और बारिश का असर बढ़ेगा। मावठा और ओलावृष्टि किसानों के लिए फसल पर प्रभाव डाल सकती है, इसलिए सतर्कता आवश्यक है।

## ट्रेन से टकराकर घायल तेंदुआ, आठ घंटे बाद भी नहीं शुरू हुआ रेस्क्यू

उमरिया (ए.)। उमरिया जिले के उप वन मंडल पाली क्षेत्र में ट्रेन से टकरा का तेंदुआ घायल हो गया है। सुबह से घायल होने के बाद अभी तक वहीं पड़ा हुआ है, घटना में उसकी पूंछ भी कट गई है। पाली एसडीओ वन एवं उनका अमला मौके पर रेस्क्यू टीम का इंतजार करने में जुटा है। पाली एसडीओ वन दिगेन्द्र सिंह ने बताया कि हमको सूचना मिली कि सुबह 6 से 7 बजे के बीच एक वयस्क तेंदुआ ट्रेन से टकरा कर घायल हो गया है। हम तत्काल वरिष्ठ अधिकारियों को सूचना देकर घटनास्थल की ओर रवाना हो गए। वहां जाने पर पता चला कि वयस्क तेंदुआ मुदरिया रेलवे स्टेशन के पास पोल क्रमांक 938/5 अप लाइन पर मिडवे हाइवे ट्रीट के पास घायल अवस्था मे पड़ा हुआ है।

## 'सीधी' जिले की 'टेढ़ी' घटना, कब्र खोदकर देवर ने बाहर निकाला भाभी का शव, बोला- अल्लाह के आदेश पर किया



सीधी (ए.)। सीधी जिला अपने नाम की तरह सीधा बिल्कुल भी नहीं है। सिटी कोतवाली थाना क्षेत्र के थनहवा टोला में फिर एक हैरान कर देने वाला मामला सामने आया है। पुलिस को यह सूचना मिली थी कि एक मृत महिला की कब्र को किसी ने खोल दिया है। मामले की जानकारी मिलते ही पुलिस हैरान रह गई। सूचना के बाद पुलिस मौके पर पहुंची तो खबर सही मिली। घटना को लेकर पुलिस ने जांच शुरू की तो तरह-तरह की बात निकलकर सामने आईं। कुछ लोग इसे तंत्र-मंत्र से जोड़कर देख रहे हैं।

दरअसल एक दिन पहले सिटी कोतवाली थाना क्षेत्र के थनहवा टोला में दोपहर एक कब्र खोदकर महिला के शव को किसी ने बाहर निकाल दिया। मामले की जानकारी के बाद पुलिस मौके पहुंची और जांच शुरू की। जांच में पता चला कि महिला के शव को उसके देवर ने खोदकर बाहर निकाला है। जानकारी लगते ही मृत महिला के पति अमानत खान ने कोतवाली थाने में शिकायत दी। शिकायत में उसने अपने भाई पर कब्र खोदने का आरोप लगाया। शिकायत के बाद पुलिस ने कार्रवाई करते हुए आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तारी के बाद आरोपी से पूछताछ की जा रही है।

मृत महिला के पति अमानत खान ने जानकारी देते हुए बताया है कि उनकी पत्नी की मौत 39 दिन पहले हुई थी। मौत के बाद उसके शव को मुस्लिम रीति रिवाज के अनुसार दफनाया गया था। मेरे छोटे भाई अरमान खान ने पत्नी की कब्र को खोदकर शव को बाहर निकाला है। उन्होंने आरोप लगाया है कि तंत्र-मंत्र के चक्कर में किसी के कहने पर आरोपी भाई ने ऐसा किया है। कब्र को खोदकर शव का अपमान किया गया है। इस पूरे मामले पर कोतवाली थाना प्रभारी अभिषेक उपाध्याय ने बताया गया कि एक व्यक्ति के द्वारा कब्र खोदकर शव बाहर निकालने की शिकायत मिली है। आरोपी को गिरफ्तार किया गया है और आगे की कार्रवाई की जा रही है।

## इंदौर में युवती से छेड़छाड़ और पीछा करने वाला आरोपी गिरफ्तार



इंदौर (ए.)। इंदौर के विजय नगर इलाके में एक 22 वर्षीय युवती ने अपने पूर्व सहकर्मी आयान खान के खिलाफ छेड़छाड़, पीछा करने और धमकाने का मामला दर्ज कराया है। युवती का आरोप है कि आरोपी लगातार उसका पीछा कर उस पर दोस्ती का दबाव बना रहा था। इस घटना ने युवती को इतना परेशान कर दिया कि उसे पुलिस का सहारा लेना पड़ा। युवती ने बताया कि 2021 में जब वह एक निजी कंपनी में काम करती थी, उस समय आयान भी उसी कंपनी में कार्यरत था। उसी दौरान उसने युवती का मोबाइल नंबर लिया और उससे संपर्क करने की कोशिश शुरू कर दी। शुरुआत में युवती ने उसकी बातचीत का जवाब दिया, लेकिन जल्द ही उसे यह महसूस हुआ कि आयान के इरादे सही नहीं हैं। इसके बाद युवती ने उससे दूरी बनाने की कोशिश की और बातचीत बंद कर दी।

**इस घटना से घबराई युवती**

आयान ने अपनी हरकतें जारी रखीं और उसे बार-बार परेशान करना शुरू कर दिया। यहां तक कि जब युवती ने अपनी नौकरी बदलकर दूसरी जगह काम करना शुरू किया, तब भी आयान उसका पीछा करता रहा। मामला तब गंभीर हो गया जब 21 दिसंबर को युवती अपने ऑफिस से घर लौट रही थी। रास्ते में आयान ने उसे रोका, उसका हाथ पकड़ने की कोशिश की और जबरदस्ती बात करने का प्रयास किया। इस घटना से घबराई युवती ने अपने परिवार को इसके बारे में बताया।

# रेलवे स्टेशन पर खड़ी कोयला लोड मालगाड़ी के डिब्बे से निकला धुआं, लोगों की सजगता से बचा हादसा




शहडोल (ए.)। शहडोल रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म नंबर दो पर खड़ी मालगाड़ी के एक डिब्बे में अचानक धुआं निकलने लगा। ये नजारा देख रेलवे स्टेशन में हड़कंप मच गया। मामले की जानकारी स्टेशन मास्टर के साथ-साथ रेलवे कर्मचारियों को दी गई। जानकारी मिलने के बाद पूरा अमला मौके पर पहुंचा और डिब्बे में लगी आग पर काबू पा लिया गया है। मालगाड़ी में कोयला लोड था।

जानकारी के अनुसार कोरबा से कोयला लोड कर मालगाड़ी राजस्थान की ओर जा रही थी। तभी शहडोल रेलवे स्टेशन में मंगलवार की सुबह तकरीबन 11: 00 बजे प्लेटफार्म नंबर दो पर कोयला लोड मालगाड़ी पहुंची। तभी उसके एक डिब्बा क्रमांक 221224 से धुआं निकल रहा था। स्टेशन में खड़े यात्रियों ने धुआं निकलते देखा और इसकी जानकारी लोगों को दी। इसके बाद वहां हड़कंप की स्थिति उत्पन्न हो गई। जानकारी लगते ही रेलवे के आला अधिकारी मौके पर पहुंचे और आग बुझाने का कार्य किया गया।

सहायक जनसंपर्क अधिकारी अंबिकेश साहू ने इस संबंध में बताया कि मंगलवार की सुबह शहडोल रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म नंबर दो पर खड़ी मालगाड़ी के एक डिब्बे से धुआं निकालने लगा। डिब्बे में कोयला लोड था। कोयला लोड मालगाड़ी कोरबा से राजस्थान जा रही थी। घटना की जानकारी प्लेटफार्म नंबर दो पर खड़े यात्रियों ने रेल प्रबंधन को दी थी। जानकारी मिलने के बाद नगर पालिका की फायर टीम के साथ रेलवे के कर्मचारी मौके पर पहुंचे और कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पा लिया गया है। इस घटना में कोई हताहथ नहीं हुआ है और इससे कोई बड़ा नुकसान नहीं हुआ। कुछ देर के लिए स्टेशन के प्लेटफार्म नंबर दो पर अफरा तफरी का माहौल उत्पन्न हो गया था। मामले की जांच के निर्देश अधिकारियों ने दिए है कि आग शॉर्ट सर्किट से लगी या अन्य कोई वजह है। इस मामले की जांच होगी। जांच के बाद ही स्पष्ट होगा कि आग लगने का कारण क्या था। अब स्थिति सामान्य है। कोई भी ट्रेन प्रभावित नहीं हुई है।

## बाबा महाकाल ने दिए 12 ज्योतिर्लिंग स्वरुप में दर्शन, जिसने देखा... देखता ही रह गया



उज्जैन (ए.)। श्री महाकालेश्वर मंदिर में आज मंगलवार को बाबा महाकाल की भस्म आरती के दौरान 12 ज्योतिर्लिंग स्वरूप में दर्शन हुए, जिसके बाद बाबा महाकाल का भांग से आलौकिक स्वरूप में श्रृंगार किया गया। आज भस्म आरती मे चारों और जय श्री महाकाल की गूंज भी गुंजायमान हुई। जिसने भी इन दिव्य दर्शनों का लाभ लिया वह देखते ही रह गया। भक्तों को दर्शन देने के लिए बाबा महाकाल सुबह 4 बजे जागे। उसके बाद बाबा महाकाल की भस्म आरती धूमधाम से की गई।

भस्म आरती में बाबा महाकाल ने दिए 12 ज्योतिर्लिंग स्वरूप मे दर्शन

विश्व प्रसिद्ध श्री महाकालेश्वर मंदिर के पुजारी पंडित महेश शर्मा ने बताया कि पौष माह कृष्ण पक्ष की नवमी तिथि मंगलवार पर बाबा महाकाल सुबह 4 बजे जागे। भगवान वीरभद्र और मानभद्र की आज्ञा लेकर मंदिर के पट खोले गए। उसके बाद सबसे पहले भगवान को गर्म जल से स्नान, पंचामृत अभिषेक करवाने के साथ ही केसर युक्त जल अर्पित किया गया। बाबा महाकाल 12 ज्योतिर्लिंग के रूप से श्रृंगारित हुए।

# देवलोंद पुलिस ने 11 पशुओं को तस्करों से कराया मुक्त, दो आरोपियों पर केस दर्ज

शहडोल (ए.)। जिले के देवलोंद थाना पुलिस ने पशु तस्करी करते हुए एक वाहन को जप्त किया है। उसमें कुल 11 मवेशी मिले हैं। पुलिस की ओर से आरोपी वाहन चालक से मवेशी परिवहन से संबंधित दस्तावेज की मांग की गई, जिस पर उसके पास कोई भी वैध दस्तावेज नहीं मिले।

देवलोंद पुलिस से के अनुसार बीती रात गश्त के दौरान सूचना मिली एक पिकअप वाहन में मवेशियों की तस्करी थाना क्षेत्र से होने वाली है। सूचना के बाद पुलिस ने सक्रियता दिखाते हुए चंदोला फॉरेस्ट बैरियर के पास पिक-अप वाहन क्रमांक यूपी 12 सीटी 8733 को रोका। वाहन में 6 भैंस और 5 पड़वों को मवेशियों को निर्दयता से ठूंस-ठूंसकर लोड किया गया था। पुलिस ने कार्रवाई करते हुए वाहन से पशुओं को मुक्त कराया।




वाहन चालक से पूछताछ करने पर उसने अपना नाम आसीम खान पिता रहमत खान उम्र 32 वर्ष एवं सहयोगी का नाम गुलामेरजा पिता रज्जाक खान उम्र 26 वर्ष बताया। दोनों निवासी ग्राम छवारी, थाना मझौली, जिला सीधी के रहने वाले हैं। दोनों को हिरासत में लिया गया। मौके से वाहन और मवेशियों समेत कुल 10 लाख रुपये का मशरूका जब्त किया गया। आरोपियों के खिलाफ पशु क्रूरता निवारण अधिनियम और मोटर वाहन अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया गया। उक्त कार्रवाई में थाना प्रभारी देवलोंद के नेतृत्व में प्रधान आरक्षक सुनीत मिश्रा, आरक्षक विनोद तिवारी, अभिषेक तिवारी, सौरभ मिश्रा तथा ओमप्रकाश तिवारी की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

**लंबे समय से हो रही पशु तस्करी**

विदित हो कि जिले में पशु तस्करी का यह अवैध कारोबार एक लंबे समय से चल रहा है। जिले के देवलोंद के अलावा केशवाही चौकी क्षेत्र पशु तस्करों का गढ़ है। इन दोनों क्षेत्रों से काफी समय से मवेशियों को बूचड़ खाना भेजा जा रहा है, लेकिन आज तक इस पर अंकुश नहीं लग सका है। पड़ोसी जिला अनूपपुर के कोतमा क्षेत्र से केशवाही मार्ग से अधिकांशत: मवेशियों की तस्करी की जाती है।



# घरेलू शेयर बाजार में लगातार दूसरे दिन तेजी; सेंसेक्स ने लगाई छलांग, निफ्टी भी उछला




मुंबई (ए.) । घरेलू शेयर बाजार में हफ्ते के दूसरे दिन भी तेजी देखी गई। पिछले हफ्ते की भारी गिरावट से उबरते हुए लगातार दूसरे दिन मंगलवार को भी बाजार हरे निशान पर खुला। शुरुआती कारोबार में सेंसेक्स 192.03 अंक चढ़कर 78,732.20 पर पहुंचा, जबकि निफ्टी 44.65 अंक चढ़कर 23,798.10 पर पहुंच गया।

**ऐसी रही बाजार की चाल**

घरेलू शेयर बाजारों ने मंगलवार को कारोबार की शुरुआत सकारात्मक रुख के साथ की, लेकिन विदेशी पूंजी की निरंतर निकासी तथा एशियाई बाजारों से मिले-जुले रुख के बीच जल्द ही इनमें उतार-चढ़ाव आने लगा। बीएसई सेंसेक्स शुरुआती कारोबार में 192.03 अंक चढ़कर 78,732.20 अंक पर पहुंच गया। एनएसई निफ्टी 44.65 अंक की बढ़त के साथ 23,798.10 अंक पर रहा। हालांकि, जल्द ही इन्होंने शुरुआती बढ़त को खो दिया और उतार-चढ़ाव के साथ कारोबार करने लगे। सेंसेक्स 27.66 अंक की गिरावट के साथ 78,538.95 अंक पर, जबकि निफ्टी सात अंक चढ़कर 23,760.45 पर कारोबार कर रहा था।

सेंसेक्स में सूचीबद्ध 30 कंपनियों में से टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज, टाटा मोटर्स, इंफोसिस, नेस्ले तथा एचसीएल टेक के शेयर लाभ में रहे। जोमैटो, टाटा स्टील, भारती एयरटेल, बजाज फाइनेंस, एचडीएफसी बैंक और अदाणी पोर्ट्स के शेयर नुकसान में रहे। शेयर बाजार के आंकड़ों के मुताबिक विदेशी संस्थागत निवेशक (एफआईआई) सोमवार को बिकवाल रहे थे और उन्होंने शुद्ध रूप से 168.71 करोड़ रुपये के शेयर बेचे।

**सेंसेक्स के 30 शेयरों का हाल**

**निफ्टी के टॉप गेनर्स और टॉप लूजर्स शेयर**

**रुपया शुरुआती कारोबार में सर्वकालिक निचले स्तर पर**

अमेरिकी मुद्रा के मजबूत रुख और विदेशी पूंजी की सतत निकासी के बीच रुपया मंगलवार को शुरुआती कारोबार में पांच पैसे की गिरावट के साथ 85.16 प्रति डॉलर के अपने नए सर्वकालिक निचले स्तर पर पहुंच गया। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपया 85.10 प्रति डॉलर पर खुला और बाद में 85.16 प्रति डॉलर के अपने नए सर्वकालिक निचले स्तर पर पहुंच गया, जो पिछले बंद भाव से पांच पैसे की गिरावट दर्शाता है। रुपया सोमवार को अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 85.11 पर बंद हुआ था।

**शेयर बाजार में पांच दिन से जारी गिरावट पर विराम**

इससे पहले बीते दिन स्थानीय शेयर बाजार में पिछले पांच कारोबारी सत्रों से जारी गिरावट पर सोमवार को विराम लगा था। बीएसई सेंसेक्स करीब 500 अंक चढ़ गया। निचले स्तर पर शेयरों की लिवाली और वैश्विक बाजारों में तेजी से बाजार को समर्थन मिला।

## गिरगिट की तरह रंग बदलती है ईशा अंबानी की कार



मुंबई (ए.)। एशिया के सबसे रईसों की सूची में शामिल उद्योगपति मुकेश अंबानी की बेटी ईशा अंबानी हाल ही में मुंबई में एक लग्जरी कार में नजर आई हैं। यह कार बेंटले बेंटायगा एसयूवी है, जिसकी खास बात यह है कि यह कार धूप में अपना रंग बदलती है। ईशा अंबानी की यह कार बेहद खास है। हाल ही में जिस बेंटले बेंटायगा एसयूवी में ईशा अंबानी दिखी है, वह कार अभिनेता रणबीर कपूर के घर के सामने भी दिखाई दी थी। ईशा अंबानी की यह कार गिरगिट की तरह रंग बदलती है। ईशा अंबानी की बेंटले बेंटायगा एसयूवी वैसे तो सफेद रंग की है, लेकिन यह कार छाया में काले या गहरे भूरे रंग की दिखाई देती है। वहीं सूरज की रोशनी में ये कार नीले, हरे और बैंगनी रंग की दिखाई देती है। दरअसल, इस कार में ऐसे कण हैं, जो अलग अलग तरह की रोशनी में अलग अलग तरह से अपना रंग बदलते हैं। इसे कलर-शिफ्टिंग रैप कहा जाता है। ईशा अंबानी की बेंटले बेंटायगा एसयूवी की कीमत 4 करोड़ रुपये है। इस कार का कलर-शिफ्टिंग रैप फीचर ही इस कार को और कारों से अलग और महंगा बनाता है।

## देश में पब्लिक ईवी चार्जर की कुल संख्या हुई



नई दिल्ली (ए.)। देश में पब्लिक ईवी चार्जर की कुल संख्या 25,202 हो गई है। देश में पब्लिक इलेक्ट्रिक व्हीकल (ईवी) चार्जर की संख्या अब 25,000 के आंकड़े को पार कर चुकी है। देश के भारी उद्योग और इस्पात राज्य मंत्री भूपतिराजू श्रीनिवास वर्मा ने एक लिखित उत्तर में राज्यसभा को बताया कि कर्नाटक 5,765 पब्लिक ईवी चार्जिंग स्टेशनों के साथ पहले स्थान पर है। इसके बाद महाराष्ट्र 3,728 स्टेशनों के साथ दूसरे और उत्तर प्रदेश 1,989 स्टेशनों के साथ तीसरे स्थान पर है। भारत सरकार द्वारा ईवी के इस्तेमाल को बढ़ावा देने के लिए कई योजनाएं शुरू की गई हैं। भारी उद्योग मंत्रालय (एमएचआई) ने 29 सितंबर 2024 को पीएम इलेक्ट्रिक ड्राइव रिवोल्यूशन इन इनोवेटिव व्हीकल एन्हांसमेंट (पीएम ई-ड्राइव) योजना को नोटिफाई किया था, जिसका उद्देश्य इलेक्ट्रिक वाहनों को अपनाने में तेजी लाना, चार्जिंग इंफ्रास्ट्रक्चर की स्थापना करना और देश में ईवी मैन्युफैक्चरिंग इकोसिस्टम को बढ़ावा देना है। इस योजना के लिए दो साल की अवधि में 10,900 करोड़ रुपये का बजट रखा गया है, जिसमें से 2,000 करोड़ रुपये सार्वजनिक ईवी चार्जिंग स्टेशनों की स्थापना के लिए आवंटित किए गए हैं।

## सर्वेयान के ड्रोन समाधान से माइनिंग और इन्फ्रास्ट्रक्चर क्षेत्र की 1,000 परियोजनाओं में सहयोग

बेंगलुरु (आरएनएस)। निब्रस टेक्नोलॉजीज प्राइवेट लिमिटेड सर्वेयान इस ब्रांड के तहत जो ड्रोन निर्माण में अग्रणी और नामी फोटोग्रामेट्री सॉफ्टवेयर के डेवलपर है, जिनकी इनोवेटिव ड्रोन तकनीक भारतीय मायनिंग और इन्फ्रास्ट्रक्चर के क्षेत्र में क्रांति लाने जा रही है। राजस्थान, मध्य प्रदेश और ओडिशा में किए गए प्रभावशाली सर्वेक्षण में यह दिखा है कि ग्राहकों की मांग बढ़ती जा रही है, क्योंकि वहां पर बड़े पैमाने पर संचालन, पर्यावरण निगरानी और नियामक अनुपालन के लिए ड्रोन को अपनाया जा रहा है। भारतीय खनन (मायनिंग) क्षेत्र भारत के सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) का लगभग 2% हिस्सा है। राजस्थान भारत का तीसरा सबसे बड़ा खनिज उत्पादक राज्य है। राज्य छ्स्ल्न द्वारा ड्रोन नीतियों ने सर्वेयान इकोसिस्टम जैसे व्यवसायों को उन्नत समाधान पाने के लिए प्रेरित किया है। अकेले राजस्थान में, सर्वेयान 2.8 लाख एकड़ से अधिक भूमि का सर्वेक्षण करके 25 से अधिक ग्राहकों को आकर्षित करने में सक्षम रहा है, जिससे मायनिंग ऑपरेशन और लैंड मैनेजमेंट में कई गुना सुधार हुआ है।

## जनवरी में खाद्य कीमतें घटीं तो फरवरी में ब्याज दरों में कटौती संभव, रिपोर्ट में दावा



नई दिल्ली(ए.)। भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) की मौद्रिक नीति समिति (एमपीसी) जनवरी में खाद्य मुद्रास्फीति में गिरावट आने पर फरवरी में दरों में कटौती पर विचार कर सकती है। आईसीआईसीआई बैंक की एक रिपोर्ट में यह बात कही गई है। रिपोर्ट में इस बात पर जोर दिया गया है कि खाद्य कीमतों में गिरावट आर्थिक विकास को समर्थन देने के लिए नीतिगत दरों में ढील देने का रास्ता साफ कर सकता है। रिपोर्ट में कहा गया, "जनवरी में खाद्य कीमतों में अपेक्षित गिरावट फरवरी में दरों में कटौती की संभावना को बढ़ा सकती है"। एमपीसी की नवीनतम बैठक के मिनटों में एक नरम रुख का पता चला, जिसमें दो सदस्यों ने दरों में कटौती की वकालत की। उनका तर्क विकास में नरमी और वर्तमान में खाद्य मुद्रास्फीति के मुख्य मुद्रास्फीति में सीमित असर डालने पर आधारित था।

## नए चेतक इलेक्ट्रिक स्कूटर लॉन्च

नई दिल्ली (ए.)। भारतीय बाजार में बजाज ने अपने नए चेतक इलेक्ट्रिक स्कूटर को लॉन्च कर दिया है। बजाज चेतक की नई 35 सीरीज को एक नए प्लेटफॉर्म पर तैयार किया गया है। इसमें आधुनिक तकनीक और नए फीचर्स जोड़े गए हैं, जो उपयोगकर्ताओं के अनुभव को और भी समृद्ध बनाते हैं।



इस नई ईवी में कंपनी ने कई महत्वपूर्ण बदलाव और अपग्रेड्स किए हैं, जो इसे पहले से बेहतर बनाते हैं। चेतक इलेक्ट्रिक स्कूटर में 4.2 केडब्ल्यू (5.6 बीएचपी) की इलेक्ट्रिक मोटर दी गई है, जो इसे 73 किमी/घंटा की टॉप स्पीड देने में सक्षम है। स्कूटर में दो राइड मोड्स— इको और स्पोर्ट भी दिए गए हैं, जो राइडिंग को अलग-अलग जरूरतों के हिसाब से कस्टमाइज करने की सुविधा प्रदान करते हैं।

# सम्पादकीय

**अभिव्यक्ति हमारा जन्म सिद्ध अधिकार है, सत्य प्रस्तुत करना हमारा कर्तव्य**

## वाइट-कॉलर कर्मियों की आम समस्या

निजी क्षेत्र के कर्मचारियों की बढ़ती गई समस्याओं की जड़ में आज का आर्थिक ढांचा है। दुनिया भर में श्रमिक वर्ग इस ढांचे का ऐसा ही प्रभाव देखने को मिला है। इसलिए विनियमन स्वागतयोग्य है, इससे कुछ लाभ होगा, मगर यह पर्याप्त नहीं है।

महाराष्ट्र और कर्नाटक की सरकारें ऑफिस कर्मचारियों की सुरक्षा के लिए सख्त नियमों और उन पर अमल के निरीक्षण की तैयारी में हैं। यह कदम अर्न्स्ट एंड यंग (ईवाई) की एक युवा कर्मचारी की मौत के बाद उठाया जा रहा है। तब उस मौत का कारण काम का अत्यधिक दबाव बताया था। भारत में वाइट-कॉलर यानी दफ्तरों में काम करने वाले कर्मचारियों के लिए सुरक्षा के नियम लगभग ना के बराबर हैं। उदारीकरण के दौर में, जब कंपनियों ने मुनाफा बढ़ाने के लिए कॉस्ट कटिंग की पॉलिसी अपना ही है, तब कम कर्मचारियों से अधिक काम लेना आम चलन बन गया है। जो कर्मचारी इसमें पिछड़ते हैं, उनकी नौकरी खतरे में पड़ जाती है।

अनियमित घंटों तक काम और मनमानी बर्खास्तगी आज वाइट-कॉलर कर्मियों की आम समस्या है। इसका बहुत खराब असर खासकर युवा कर्मियों पर पड़ा है। ईवाई कर्मचारी की मौत के बाद ये सारे मुद्दे बहुचर्चित हुए थे। उसका प्रभाव सरकारों पर पड़ा है। कर्नाटक में अधिकारियों ने निजी कंपनियों में ऑफिस में कामकाज की स्थिति की जांच शुरू की है। महाराष्ट्र में भी एक ऐसा प्रस्ताव विचाराधीन है। बताया गया है कि प्रस्तावित नियम कंपनियों में नियुक्ति और बर्खास्तगी की प्रक्रियाओं की विनियमित नियंत्रित करेगा। इसमें सभी कॉरपोरेट कर्मचारियों को शामिल किया जाएगा। उनमें मैनेजर स्तर स्टाफ भी शामिल होंगे। कर्नाटक के अधिकारियों का कहना है कि यह कदम कर्मचारियों की अत्यधिक काम की शिकायतों को ध्यान में रखते हुए उठाया गया है। यह तथ्य है कि भारत में युवा आत्म-हत्या के मामले बढ़े हैं। किशोरों और युवाओं के बीच मृत्यु का चौथा सबसे प्रमुख कारण कामकाज का बढ़ा दबाव है। बेशक ये आंकड़े भारत में मानसिक स्वास्थ्य और युवाओं में बढ़ते तनाव का संकेत हैं। बहरहाल, अहम सवाल है कि क्या कानून या विनियम लागू करने से ऐसी समस्याओं का समाधान हो सकता है? वाइट कॉलर हों या ब्लू कॉलर कर्मी, उनकी बढ़ती गई समस्याओं की जड़ में आज का आर्थिक ढांचा है। दुनिया भर में श्रमिक वर्ग इस ढांचे का ऐसा ही प्रभाव देखने को मिला है। इसलिए विनियमन स्वागतयोग्य है, इससे कुछ लाभ होगा, मगर यह पर्याप्त नहीं है।


# अटल जी के नदी जोड़ो स्वप्न से मिली जनगण को सौगात

***उजियारे में, अंधकार में, कल-कछार में, बीच धार में,***
***क्षणिक जीत में दीर्घ हार में, जीवन के शत-शत आकर्षक,***
***अरमानों को ढलना होगा, कदम मिलाकर चलना होगा।।***


कदम मिलाकर चलने का उद्घोष करने वाले भारत रत्न पूर्व प्रधानमंत्री स्व. अटल बिहारी वाजपेयी जी की आज 100वीं जयंती है। भारत निर्माण के दृष्टा श्रद्धेय श्री अटल जी को शत-शत नमन।श्रद्धेय अटल जी ने संघ के स्वयंसेवक से लेकर राष्ट्रधर्म के संपादक, जनसंघ और भारतीय जनता पार्टी के दायित्वों के बीच कार्यकर्ताओं की पीढ़ियां निर्मित कीं। व्यक्ति निर्माण, समाज निर्माण, राष्ट्र निर्माण की उनकी परिकल्पना के सभी पक्षों ने देश को आधार प्रदान किया।धरती को सुजलाम् सुफलाम् करने और समृद्धि के नये आयाम स्थापित करने के लिये श्रद्धेय अटल जी ने लगभग 20 वर्ष पूर्व नदी जोड़ो अभियान की संकल्पना की थी। उन्होंने देशभर की नदियों को जोड़कर बिखरी पड़ी जलराशि के समुचित प्रबंधन का सपना देखा था।उनका सपना था, देशभर की नदियां आपस में जुड़ें और जल की एक-एक बूंद का उपयोग समाज और राष्ट्र के लिये हो। श्रद्धेय अटल जी 100वीं जयंती पर आज मध्यप्रदेश में केन-बेतवा से विश्व की पहली नदी जोड़ो परियोजना द्वारा जल सुरक्षा का स्थायी समाधान करने की दिशा में महती कदम उठाया जा रहा है।मुझे यह बताते हुये प्रसन्नता है कि आज हमारे यशस्वी प्रधानमंत्री और वर्तमान पीढ़ी के भागीरथ श्री नरेन्द्र मोदी जी खजुराहो में देश की पहली, महत्वाकांक्षी केन-बेतवा नदी जोड़ो राष्ट्रीय परियोजना का शिलान्यास करेंगे। इसी के साथ श्रद्धेय अटल जी का नदियों को आपस में जोड़ने का संकल्प और समृद्धि का सपना मूर्तरूप लेगा। मध्यप्रदेश नदियों का मायका है, सैकड़ों नदियों की विपुल जलराशि से समृद्ध है। प्रदेश की नदियों के आशीर्वाद से यह बहुउद्देशीय परियोजना बुंदेलखंड की जीवन रेखा साबित होगी। यह परियोजना छतरपुर और पन्ना जिले में केन नदी पर विकसित की जा रही है। इसमें पन्ना टाइगर रिजर्व में केन नदी पर 77 मीटर ऊंचाई एवं 2.13 किलोमीटर लंबाई के दौधन बांध एवं 2 टनल का निर्माण होगा। बांध में 2 हजार 853 मिलियन घन मीटर जल का भंडारण किया जायेगा। इसमें दाब युक्त सूक्ष्म सिंचाई प्रणाली के माध्यम से मध्यप्रदेश के 10 जिले पन्ना, दमोह, टीकमगढ़, छतरपुर, निवाड़ी, सागर, रायसेन, विदिशा, शिवपुरी और दतिया के लगभग 2 हजार ग्रामों में 8.11 लाख हेक्टेयर में सिंचाई हो सकेगी और लगभग 7 लाख किसान परिवार लाभान्वित होंगे। मध्यप्रदेश की 44 लाख और उत्तर प्रदेश की 21 लाख आबादी को पेयजल की सुविधा मिलेगी और 103 मेगावॉट जल विद्युत एवं 27 मेगावॉट सौर ऊर्जा का उत्पादन होगा। इसका लाभ संपूर्ण मध्यप्रदेश को मिलेगा।केन-बेतवा नदी जोड़ो राष्ट्रीय परियोजना से बुंदेलखंड के हर खेत तक सिंचाई के लिये पानी पहुंचेगा। प्रदेश में बिजली, कृषि, उद्योग और पेयजल के लिये भरपूर पानी उपलब्ध होगा। खेत को पानी मिलने से फसलों का अमृत बरसेगा। किसानों के जीवन में खुशहाली आयेगी और बुंदेलखंड की तस्वीर तथा तकदीर बदलेगी। इस परियोजना से खेती-किसानी, उद्योग, व्यवसाय और पर्यटन को गति मिलेगी जिससे पलायन रुकेगा और नागरिकों का जीवन खुशहाल होगा। जलराशि की विपुलता के साथ बाढ़ तथा सूखा, दोनों समस्याओं का समाधान होगा। हमारा संकल्प है विरासत के साथ विकास। इसी लक्ष्य की ओर आगे बढ़ते हुएपरियोजना से ऐतिहासिक चंदेलकालीन 42 तालाबों को सहेजने का कार्य किया जायेगा। यह तालाब वर्षाकाल में जल से भर जायेंगे। इससे धरती का जल स्तर बढ़ेगा जिसका लाभ लोगों को मिलेगा। मध्यप्रदेश कृषि बाहुल्य प्रदेश है। प्रदेश में सिंचाई का रकबा 50 लाख हेक्टेयर से बढ़ाकर एक करोड़ हेक्टेयर तक पहुंचाने का हमारा लक्ष्य है। मुझे विश्वास है कि केन-बेतवा नदी जोड़ो राष्ट्रीय परियोजना से हम इस लक्ष्य को पूर्ण करने में सफल होंगे और बुंदेलखंड की प्रगति के नये द्वार खुलेंगे। इसी विश्वास के साथ मैंने बुंदेलखंड के किसानों से यह आग्रह किया था कि यहां के सूखे का तोड़ निकल जायेगा, किसी भी हाल में अपनी जमीन मत बेचना। मुझे खुशी है कि मेरा वह विश्वास सही साबित हुआ। यह हमारे लिये प्रसन्नता का विषय है कि मध्यप्रदेश, इस समय जनकल्याण पर्व मना रहा है। अटल जी के 100वीं जयंती पर त्रिपक्षीय अनुबंध से केन-बेतवा नदी जोड़ो राष्ट्रीय परियोजना की सौगात प्रदेशवासियों को मिलना अद्भुत संयोग है। मुझे बताते हुए हर्ष है कि कुछ दिनों पूर्व हमारे यशस्वी प्रधानमंत्री जी ने पार्वती-कालीसिंध-चंबल नदी जोड़ो परियोजना की सौगात दी थी। इस परियोजना में 21 बांध, बैराज निर्मित किये जाएंगे। परियोजना से प्रदेश के 3217 ग्रामों को लाभ मिलेगा। मालवा और चंबल क्षेत्र में 6 लाख 13 हजार 520 हेक्टेयर में सिंचाई होगी और 40 लाख की आबादी को पेयजल उपलब्ध होगा।एक साथ प्रदेश में दो नदी जोड़ो परियोजनाओं का शिलान्यास किया जाना ऐतिहासिक अवसर है। यह हमारे लिये गर्व की बात है कि इतिहास में बुंदेलखंड शौर्य, पराक्रम, वीरता और बलिदान का प्रतीक है। वीरों की भूमि बुंदेलखंड अब नदी परियोजना से विकास की भूमि के रूप में जानी जायेगी। मुझे बताते हुये आनंद है कि आज ही के दिन प्रदेश में ऊर्जा आत्मनिर्भरता और ग्रीन ऊर्जा के प्रति किये गये प्रयास धरातल पर उतरने वाले हैं। पुण्य सलिला मां नर्मदा पर विकसित ओंकारेश्वर फ्लोटिंग सौर परियोजना का प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी लोकार्पण करेंगे। परियोजना के प्रथम चरण में इस वर्ष अक्टूबर माह से पूर्ण क्षमता से विद्युत उत्पादन प्रारंभ हो गया है।लोकतंत्र की प्रथम इकाई, ग्राम पंचायत से आरंभ होती है। अटल जी ने गांव को सुशासित और सशक्त बनाने का अभियान चलाया था। प्रधानमंत्री श्री मोदी ने, श्रद्धेय अटलजी के स्वप्न को साकार करने के लिये गांव को आत्मनिर्भर, स्वच्छ, समृद्ध और सुशासित बनाने का संकल्प लिया है। प्रत्येक ग्राम पंचायत का अपना भवन हो, इसके लिये प्रधानमंत्री आज मध्यप्रदेश में 1153 अटल ग्राम सुशासन भवनों का भूमि-पूजन करेंगे।श्रद्धेय अटल जी की 100वीं जन्म जयंती पर आज शुरू होने वाली ऐतिहासिक परियोजनाओं और कार्यों से प्रगति के नये द्वार खुलेंगे। बुंदेलखंड जलशक्ति से संपन्न हो जायेगा और किसान समृद्ध होंगे। इससे समूचे क्षेत्र में खुशहाली आयेगी और युवाओं को नौकरी के लिये पलायन नहीं करना पड़ेगा।सौभाग्य से यह सब संभव हुआ है प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व और डबल इंजन की सरकार से। हमारी सरकार ने पहली बार रीजनल इंडस्ट्री कॉन्क्लेव आयोजित कर उद्योगों को छोटे शहरों तक पहुंचाने का नवाचार किया है। यह कार्य और आगे बढ़ेगा।मध्यप्रदेश प्रगति और उन्नति का नया इतिहास रच कर अग्रणी राज्य के रूप में आकार लेगा।राष्ट्र दृष्टा श्रद्धेय अटल जी ने अपने दूरदर्शी नेतृत्व से देश को जहां अभूतपूर्व ऊंचाइयों पर पहुंचाया, वहीं भविष्य के लिये नदी जोड़ो परियोजनाओं की संकल्पना से राष्ट्र निर्माण का मार्ग प्रशस्त किया था।



डॉ. मोहन यादव



उसी पर चलकर मध्यप्रदेश समृद्धि, विकास, निर्माण और खुशहाली का नया अध्याय रचेगा।देश के यशस्वी प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी, श्रद्धेय अटल जी के संकल्प को पूरा करने खजुराहो आ रहे हैं। मेरा प्रदेशवासियों से आग्रह है कि आप भी हरी-भरी वसुंधरा के लिये होने वाले इस अनुष्ठान में शामिल होकर ऐतिहासिक पल के साक्षी बनें। श्रद्धेय अटल जी के जन्म के 100वें वर्ष में देश में पहली बार मध्यप्रदेश में दो नदी जोड़ो परियोजनाओं को साकार करने की पहल पूर्व प्रधानमंत्री श्रद्धेय स्व. अटल बिहारी वाजपेयी जी को संपूर्ण राष्ट्र की आदरांजलि है।




शिमला में शांत सफेद परिदृश्य से घिरे बर्फ से ढके जाखू मंदिर का हवाई दृश्य.

# केबल चोरी के तरीके ने बेरोजगारों को प्रेरित किया

**भगवती प्रसाद डोभाल**

पिछले वर्ष से चोरों ने अपनी आजीविका का नया फार्मूला ईजाद कर लिया है। बेरोजगारी में चोरों ने दिल्ली की लाइफलाइन को अपना रोजगार बना लिया है। चोरों को इससे यह चिंता नहीं हुई कि मेट्रो से सफर करने वालों को तकलीफ झेलनी पड़ेगी।सारे दिल्ली के ऑफिसों में काम करने वाले लोग अपनी रोजी-रोटी के लिए सुबह काम पर जाते वक्त जगह-जगह जाम झेल रहे थे, कारण था मेट्रो के केबल चोरों ने रात में ही उन केबलों को काट दिया था जिनसे मेट्रो अपना रास्ता तय करती है। इस कारण वे अपने ऑफिस समय पर नहीं पहुंच सके। इतना ही नहीं, जिन्हें बाहर जाना था-उनकी ट्रेनें और फ्लाइटें भी मिस हुई।इस काम के लिए फिलहाल मेट्रो की ब्ल्यू लाइन पर लगातार धावा बोला गया। हालांकि बहुत समय बाद पुलिस को सफलता मिली है। इन केबल चोरों को पकडने और इन घटनाओं को अंजाम देने वाले गैंग के सदस्यों को दिल्ली पुलिस ने पकड़ लिया है। बीते दिनों मेट्रो ट्रैक पर केबल चोरी होने से केबल और चोरी में इस्तेमाल गाडियों को पुलिस ने बरामद कर दिया है। यह काम बहुत समय बाद हुआ है। इससे पूर्व चोरों ने मेट्रो लाइन को बहुत नुकसान पहुंचाया है। पता चला कि कीर्ति नगर और मोती नगर मेट्रो स्टेशन के बीच सिग्नलिंग केबल चोरी होने की सूचना मिली थी। पुलिस ने इस मामले में बीएनएस और डीएमआरसी अधिनियम की धारा 74 के तहत मामला दर्ज किया था। इस वारदात में शामिल गिरोह के 11 में से चार 4 सदस्यों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने इनके कब्जे से चोरी की गई 55 मीटर लंबी केबल, टाटा एस लोडर वाहन और दो मोबाइल फोन बरामद किए थे। घटना स्थल से पता चला कि वहां पर 140 मीटर लंबी केबल काटी गई थी। यह केबल मेट्रो ट्रेनों की लोकेशन का पता लगाने और ट्रैक सर्किट को डेटा भेजने के लिए उपयोग की जाती है। मेट्रो के परिचालन के लिए उपयोग में होने वाले इस केबल की कीमत लाखों में होती है। इसी कारण चोरों को इसको प्राप्त करने से काफी मुनाफा होता है।वर्ष 2020-22 के दौरान केबल चोरी होने के बहुत सारी घटनाएं हुई हैं। 2020 में 54 मामले दर्ज हुए थे, वहीं 2021 में 57 और 2022 में 63 मामले सामने आए थे। इन मामलों में चोरों तक पहुंचने में पुलिस मुस्तैद नहीं दिखी थी। इस कारण चोरों के हौसले बुलंदी पर थे। मेट्रो केबल तांबे से बने होते हैं, यह काफी महंगी धातु है, बहुत सारे उद्योगों में तांबे की भारी मांग है, इसलिए इसको बेचने में आसानी है। इन केबलों का नेटवर्क मेट्रो स्टेशनों और ट्रेनों के बीच बिछाया जाता है। यह जटिल नेटवर्क होता है। विशेषकर रात के समय या फिर जहां पर सुरक्षा कम हो, वहां पर इसका इस्तेमाल किया जाता है। यह केबल मेट्रो रेल सिस्टम की जीवनरेखा होता है। यह मोटी इंसुलेटेड तार होती है, जो मेट्रो ट्रेनों की बिजली, संचार और नियंत्रण संकेत प्रदान करती है। केबल की चोरी होने पर मेट्रो सिस्टम की तीन मुख्य पण्रालियां-पावर, संचार और सिग्नल-ठप हो जाती हैं। मेट्रो के संचालन के लिए इन तीनों का सुचारु रूप से काम करना जरूरी है। डीएमआरसी से मिली जानकारी के अनुसार केबल चोरी आम तौर पर रात साढ़े बारह बजे से सुबह चार बजे के बीच होती है। इस समय मेट्रो सेवाएं बंद होती हैं।चोर सेवा बंद होने के बाद रात में वियाडक्ट में घुसते हैं। वे केबल काटते हैं, और उसे नीचे अपने साथियों के पास फेंक देते हैं। फिर भाग जाते हैं। यह मेट्रो स्टेनों पर नहीं, बल्कि वियाडक्ट पर होता है। अधिकारी के अनुसार केबलों पर स्टील की परत होती है, लेकिन उनमें ज्यादातर तांबा होता है। यह चोरों के लिए कीमती होता है। चोर पटरियों तक अपनी पहुंच समूह में काम करके बनाते हैं।




मेष राशि:आपके पास बहुत-सी जिम्मेदारियां हो सकती हैं। आज का दिन आपके लिए दिन संतोषजनक रहने वाला है। आज रोजगार में स्थितियां पहले से ठीक होने के योग है। अपने कॉन्टैक्ट्स पर ध्यान देंगे।

वृष राशि:आज का दिन आपके लिए खुशियों से भरा रहने वाला है। आज ट्रांसफर या प्रमोशन के लिए किसी से बात हो सकती है। आज आप अपने करियर में सक्सेस पाने के लिए प्लानिंग करेंगे, इससे आपको आने वाले दिनों में फायदा होगा। आज आपको किसी बड़ी कंपनी से नौकरी का ऑफर मिल सकता है। आज आपकी आर्थिक स्थिति में सुधार होने के योग है। व्यापार में थोड़ी कोशिश से ही आपको ज्यादा फायदा होगा।

मिथुन राशि:आज का दिन आपके लिए सुनहरा रहने वाला है। आज आपके दांपत्य जीवन में मधुरता बनी रहेगी। इस राशि के बिजनेसमैन के लिए आज का दिन रिलैक्स भरा होगा। आप दोस्तों के साथ ट्रिप पर जाने का प्लान बना सकते हैं। अधिकारियों और सहकर्मियों से भी समय-समय पर मदद मिलेगी। आज आपके बिजनेस मे तरक्की होगी। आज आप नया काम करने में बहुत उत्सुक होंगे। आज आपके घरेलू रुके हुए कार्य पूरे हो जाएंगे। लवमेट के लिए आज का दिन शानदार रहने वाला है।

कर्क राशि:आज का दिन आपके लिए बेहतर रहने वाला है। अपना व्यवहार लचीला रखें और दूसरों की बातें समझने का मन बनाकर चलेंगे तो आपको भी कुछ नया सिखने को मिलेगा। आज किसी बुजुर्ग या वरिष्ठ व्यक्ति से आपको सही सलाह मिल सकती है। आज आपको पुरानी बातें याद आ सकती हैं। आज व्यापारिक मामलों में आपकी व्यस्तता बढ़ेगी।

सिंह राशि:आज का दिन आपके लिए उत्तम रहने वाला है। आज स्पोर्ट्स से जुड़े लोग अपनी ट्रेनिंग में पूरी मेहनत करेंगे। कोरियर का बिजनेस कर रहे कारोबारियों को आज ज्यादा फायदा होगा। आज विद्यार्थी प्रैक्टिकल को पूरा करने में सीनियर्स की मदद लेंगे। परिवार में सुख संतोष बढ़ेगा। स्वास्थ्य आज पहले से बेहतर रहेगा। नवविवाहित दंपत्ति आज धार्मिक स्थल पर जाने का विचार करेंगे।

कन्या राशि:आज का दिन आपके लिए खुशियाँ लेकर आया है। इस राशि के स्टूडेंट्स का दिन राहत भरा होगा नया शेड्यूल बनाने का भी विचार कर सकते हैं। आज ऑफिस में फ़ोन का इस्तेमाल कम से कम करेंगे और अपने काम पर पूरा फोकस करेंगे। आज माता-पिता का आशीर्वाद लेने से आपके सभी काम बन जाएंगे। आज आप किसी व्यक्ति की मदद करेंगे, आपको ऐसा कर के अच्छा लगेगा। आज किसी बचपन के मित्र से आपकी मुलाकात हो सकती है, आप पुरानी बातों पर चर्चा करेंगे।

तुला राशि: आज आपका दिन उत्साह से भरा रहने वाला है। आज आपको करियर में सफलता मिलने वाली है यह आपको किसी सपने जैसा महसूस होगा। आज बिजनेस में आपको बड़ा धन लाभ होगा। शत्रु पक्ष आज आपसे दूरियां बनाकर रहेंगे। जो लोग लकड़ी के व्यापार से जुड़े हैं, आज उनको कोई बड़ा प्रोजेक्ट मिलेगा। किसी मनोरंजक स्थान की सैर करने से आप तरोताजा महसूस करेंगे।

वृश्चिक राशि: आज का दिन आपके लिए फेवरेबल रहने वाला है। आज कोई बड़ा और अलग काम करने की सोच सकते है। ऑफिस के उच्चधिकारियों का सहयोग मिलने से आपका इम्पोर्टेन्ट काम बन जाएगा। आज आपका दिन भक्तिमय रहेगा। पैसों के मामलों में लोगों पर जरूरत से ज्यादा भरोसा करने से बचना चाहिए। किसी को उधार पैसा देने में सोच-विचार करना बेहतर रहेगा।

धनु राशि: आज का दिन आपको रोजगार के नए अवसर प्राप्त होंगे। आज आपका दिन नई उमंगों के साथ शुरू होने वाला है। आपके अच्छे व्यवहार से समाज में आपकी अच्छी पहचान बनेगी। आज आप घर पर फ्लावर डेकोरेशन का काम भी करवा सकते हैं। कॉन्ट्रेक्टर के लिए आज का दिन धनलाभ देने वाला है। आज यात्रा की वजह से आपको अपने परिवार से दूर रहना पड़ सकता है। अच्छे व्यवहार से आप परिवार की एकता को बरकार रखने में कामयाब होंगे।

मकर राशि:आज का दिन आपके अनुकूल रहने वाला है। जो लोग होटल या रेस्टोरेंट जैसे बिजनेस से जुड़े हैं, उनके लिये दिन पहले से बेहतर रहेगा, आज आपका दिन ज्यादा लाभ कमानें का है। आज आपको जीवन और कार्यक्षेत्र दोनों जगहों पर पिता का सहयोग मिलेगा। आज आपके पारिवारिक रिश्ते में मिठास बनी रहेगी। आज आप किसी जरूरतमंद की मदद करेंगे। आपके जीवनसाथी कोई जरूरत का सामान आपको गिफ्ट करेंगे। घर के कामों में बड़े भाई का सहयोग मिलेगा।

कुंभ राशि:आज आपका दिन बढ़िया रहने वाला है। आज परिवार के लोगों से आपको भरपूर सहयोग प्राप्त होगा, खासकर आपके प्रति बड़ों का प्यार बना रहेगा। साथ ही बच्चे भी आपसे खुश रहेंगे। आज आप नया बिजनेस शुरू करने का विचार कर सकते हैं। आज इम्पोर्टेंट कार्यों में आपको सफलता मिलेगी।

मीन राशि:आज आपका दिन उमंग से भरा रहने वाला है। आज सोचे हुए काम करने के लिए और अपनी योजनाओं को पूरा करने के लिए दिन अच्छा रहेग । इतने दिनों से जो दिमाग में चल रहा था, आज करने का दिन है किस्मत का साथ मिलेगा। पिछले कुछ समय से खास लोगों से चल रही अनबन आज दूर हो जाएगी।

# हर जगह कुम्भ के मेले जैसा नज़ारा

श्रुति व्यास

घूमने के सारे ठिकाने, पर्यटन स्थल चाहे कितने ही मनमोहक क्यों न हों, वहां कुंभ की रेलमपेल मची रहती है। जबकि छुट्टियों का एक मकसद भीड़-भाड़ से दूर जाना भी होता है। भारत भर में पूरे साल हर तरह के पर्यटन स्थल-बीच हों या पहाड़, तीर्थ हो या नेशनल पार्क-हमेशा बुक रहते हैं। हर जगह कुम्भ के मेले जैसा नज़ारा रहता है।

गहरा नीला आसमान और हवा में झूमते ताड़ के वृक्ष। बालकनी से मैं ज़मीन पर बिछी सफ़ेद रेत का अंतहीन सिलसिला देख सकती हूँ। धूप ठीक उतनी गर्म है, जितनी होनी चाहिए। दूर कहीं से समुद्र की लहरों के तट से टकराने की आवाज़ आ रही है। मै अक्सर मनपसिंदा रोज' पेय की चुस्कियां लेती हूँ और साथ-साथ बीच में चॉकलेट केक के टुकड़े भी मुंह में डालती हूँ। यहाँ की हर सुबह हेमंत जैसी है और हर शाम, वसंत जैसी। यह स्वर्ग है। यहाँ सपने हकीकत बन जाते हैं। यहाँ आनंद ही आनंद है। और मैं यहाँ तब तक रहूंगी जब तक कि सर्दी का मौसम विदा नहीं हो जाता। और फिर मेरी आँख खुल जाती है!

मैं तो दिल्ली में हूँ-जापान में बने गर्म कपडे पहनकर, अंग्रेज़ इंजीनियरों द्वारा डिजाईन किये हुए एयर प्युरिफायर के बगल में। हवा जहरीली है। और आँखें जल रही हैं, नाक बह रही है। मैं रोज़' नहीं बल्कि काढ़ा' पी रही हूँ। चॉकलेट केक' नहीं बल्कि च्यवनप्राश' खा रही हूँ। खिड़की के पास अपनी पसंदीदा कुर्सी पर बैठ कर आकाश में एक के बाद हवाईजहाजों को उड़ान भरते देख रही हूँ। वे अपने यात्रियों को उन सुन्दर जगहों पर ले जा रहे हैं, जहाँ के बारे में मैं केवल सोच सकती हूँ। हाय री किस्मत! मेरा मन खिन्न हो जाता है।

ईमानदारी की बात तो यह है कि दिल्ली एकदम बेदिल हो गई है। वे चीज़ें जो दिल्ली को एक आकर्षण, एक चरित्र और एक व्यक्तित्व देती थीं, गुमशुदा हैं। यहाँ बहुत ज्यादा लोग हैं, बहुत ज्यादा। हर जगह को खोद डाला गया है, मोहल्लों-सड़कों के नाम बदल दिए गए हैं, नल का पानी काला होता है, हवा काली हो गई है। यह शहर अब चाट प्रेमियों का स्वर्ग नहीं रहा। अब यहाँ मोमो का राज है। अजीब सी मूर्तियाँ-बेढब और निरीह सी-कई जगह ऊग आईं हैं। नई उम्र के लड़के-लड़कियों को वे रील बनाने के लिए एकदम उपयुक्त लगती हैं।

शहर में इतनी भीड़ है कि इटली के दूतावास में बड़े दिन, क्रिसमस के मेले में घुसने पर ऐसा लगता है मानों आप कुम्भ मेले में हों। यह शहर एक समय उत्कृष्ट संस्कृतियों और पाक शैलियों का गुलदस्ता था, उनका मिलन स्थल था। अब यहाँ ज़हर है-हवा में भी और लोगों के दिलों में भी।

मैं अपने आप को भाग्यवान मानती हूँ कि मैं उस दिल्ली में पली-बढ़ी जो सदियों से सत्ता का केंद्र थी, जिसकी अपनी शान थी, जो अपने लोगों, अपनी इमारतों और अपने खान-पान के लिए जानी जाती थी। यहाँ की सर्दियों खुशनुमा हुआ करती थी। चमकीली धूप, नीला आकाश और चारों तरफ खिलखिलाते बोगेनविलिया। करीने से छटाई किये हुए पौधों और पेड़ों से भरे पार्कों में हम परिवार या दोस्तों के साथ पिकनिक मनाते, खाना खाते, क्रिकेट और लूडो खेलते या अलसाते हुए अगाथा क्रिस्टी या ब्रोंटी पढ़ते। अचार को सुखाने के लिए छत पर धूप में रखा जाता था, सर्दियों में गर्मी के लिए आलू के चिप्स बनाये जाते थे और माएं बच्चों को जबरदस्ती मूली खिलाती थीं। सैलानी पुरानी दिल्ली की गलियों की ख़ाक छानते थे और इंडिया गेट-जब वह इंडिया गेट हुआ करता था-पर स्थानीय लोगों की भीड़ जुटती थी। शाम की हवा साफ़-सुथरी और ठंडी हुआ करती थी। आप घर में बनी स्वेटरें पहनें अलाव के आसपास बैठकर, हॉट चॉकलेट पीते हुए रेवड़ियाँ टूंगते थे-कुछ-कुछ वैसा ही दृश्य हुआ करता था जैसा कि भारतीय फिल्मों में क्रिसमस का दिखाया जाता है।मगर अब दिल्ली न तो आदर्श राजधानी बची है और ना ही आदर्श शहर। वह ऐसी जगह भी नहीं है जहाँ आप घूमने जा सकते हैं। पार्कों की कटाई-छटाई नहीं होती और वे हँसते-खेलते परिवारों से भरे नहीं रहते। हवा ऐसी नहीं है जो अचार को अचार बना सके और चिप्स को सुखा सके। विदेशी सैलानियों के लिए दिल्ली अब गोल्डन ट्रायंगल की यात्रा का एक पड़ाव भर है। स्थानीय लोग शहर से बाहर जाने के लिए आतुर रहते हैं-चाहे वह एक वीकेंड के लिए ही क्यों न हो।जिस स्वर्ग में होने का सपना मैं देख रही थी, दुर्भाग्यवश, वह बहुत दूर है और इतनी जल्दी वहां जाने का कार्यक्रम बनाना मुमकिन नहीं है। कुल मिलाकर, सर्दियों में फ्रेंच रीविएरा जाने की योजना एक और साल के लिए मुल्तवी!

दिल्ली और उसके उदास मौसम, और समुद्र के किनारे गुनगुनी धूप का मज़ा लेने का एक और मौका खो देने पर मेरी झल्लाहट और बड़बड़ाना सुन कर मेरे पिता कुछ गुस्से से बोले, तो तुम गोवा ही चली जाओ।

वाह, क्या घिसापिटा मशविरा है, मैंने तुरंत कहा। आप मॉरिशस, सेशेल्स या मालदीव जाने के लिए भी तो कह सकते थे।

हम दोनों ने एक-दूसरे की तरफ देखा और उन्हें समझ आ गया कि मैं सही कह रही हूँ। वैसे मैं बता दूं कि ऐसे मौके कम ही आते हैं!

मैं जानती हूँ कि दिव्य और स्वर्गिक समुद्री बीचों वाले इन देशों के मोदी के भारत से सम्बन्ध बहुत अच्छे नहीं हैं और हमारी सरकार ने ढेर सारे देशी पर्यटन स्थलों के उनसे बेहतर होने के बारे में इतना शोर मचाया है कि गोवा का नाम जुबान पर आ जाना एकदम स्वाभाविक है। मगर समस्या यह है कि हमारे अपने पर्यटन स्थल चाहे कितने ही मनमोहक क्यों न हों, वहां लोगों की रेलमपेल मची रहती है। जबकि क्या छुट्टियां मनाने का एक मकसद भीड़-भाड़ से दूर जाना नहीं होता? मगर फिर भी, अपने मन को बहलाने के लिए मैंने गोवा, पोंडिचेरी, कोवलम, अंडमान-भारत के लगभग सभी समुद्री तट के पर्यटन स्थलों की यात्रा के लिए फ्लाइट और होटलें खोजना शुरू कीं। मगर अफ़सोस, मुझे कहीं भी जाने के लिए फ्लाइट और रुकने के लिए ठीक-ठाक होटल में जगह नहीं दिखी। सब कुछ पहले से ही बुक था-कहीं कोई जगह नहीं है। मैं शायद नीमराना भी नहीं जा पाऊंगी!और यह साल के इस समय की बात नहीं है। भारत भर में पूरे साल हर तरह के पर्यटन स्थल-बीच हों या पहाड़, तीर्थ हो या नेशनल पार्क-हमेशा बुक रहते हैं। हर जगह कुम्भ के मेले जैसा नज़ारा रहता है।बहरहाल, एक बार फिर, लगातार पांचवें बरस, मेरा हॉलिडे सीजन दिल्ली में ही कटेगा। हवा और गन्दी होती जाएगी। और चूँकि मेरी कार बीएस-4 है, इसलिए मैं शहर में भी नहीं घूम पाऊँगी। जापान में बने गर्म कपडे पहनकर, अंग्रेज़ इंजीनियरों द्वारा डिजाईन किये हुए एयर प्युरिफायर के बगल में खिड़की के पास अपनी पसंदीदा कुर्सी पर बैठ कर मैं पेड़ों को धूसर रंग ओढ़ते देखूँगी और देखूँगी धूसर आकाश में उड़ान भरते हवाईजहाजों की टिमटिमाती रौशनियाँ।

## संक्षिप्त समाचार

### श्रीलंकाई नौसेना ने तमिलनाडु के 17 मछुआरों को किया गिरफ्तार, दो नाव भी जब्त

रामेश्वरम (आरएनएस)। तमिलनाडु के 17 मछुआरों को श्रीलंकाई नौसेना ने समुद्री सीमा पार करने के आरोप में गिरफ्तार किया है। इनकी दो नाव भी जब्त की है। रामेश्वरम से दो नावों पर सवार लगभग 17 भारतीय मछुआरों को मंगलवार की सुबह कच्चातिवु के पास श्रीलंकाई नौसेना ने गिरफ्तार कर लिया। 17 भारतीय मछुआरे दानुशकोडी और थलाईमन्नार के बीच क्षेत्र में मछली पकड़ रहे थे। उसी दौरान श्रीलंकाई नौसेना की गश्ती नौकाओं ने उन्हें घेर कर गिरफ्तार किया। गिरफ्तार मछुआरों को फिर थलाईमन्नार नौसेना शिविर ले जाया गया और पूछताछ के बाद मन्नार मत्स्य पालन विभाग के अधिकारियों को सौंप दिया जाएगा। यह गिरफ्तारी और कार्रवाई उस समय हुई जब मछुआरे अपने दैनिक कार्यों के लिए समुद्र में गए थे। श्रीलंकाई नौसेना के मुताबिक भारतीय मछुआरे उनकी सीमा में घुस आए थे, जिससे इन मछुआरों को गिरफ्तार किया गया। यह घटना दोनों देशों के बीच समुद्री सीमा विवाद और मछुआरों को लेकर तनाव को बढ़ाती है, क्योंकि भारतीय मछुआरे अक्सर श्रीलंकाई जलक्षेत्र में अवैध रूप से मछली पकड़ने के आरोपों का सामना करते हैं। इस मामले में श्रीलंकाई अधिकारियों का कहना है कि मछुआरे उनकी समुद्री सीमा का उल्लंघन कर रहे थे, जबकि भारतीय मछुआरे इसे अपनी आजीविका के लिए जरूरी मानते हैं। संसद के शीतकालीन सत्र के दौरान लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने विदेश मंत्री एस जयशंकर ने पत्र लिख कर श्रीलंका के जेल में बंद भारतीय मछुआरों की रिहाई का मुद्दा उठाया था। कांग्रेस सांसद ने अपने पत्र में लिखा था कि हम श्रीलंकाई राष्ट्रपति की भारत की पहली आधिकारिक यात्रा की मेजबानी करने की तैयारी कर रहे हैं, मैं भारत सरकार से अनुरोध करता हूं कि वह गलती से अंतर्राष्ट्रीय समुद्री सीमा (आईएमबीएल) पार करने वाले भारतीय मछुआरों के मुद्दे को उठाएं और उनकी जल्द रिहाई सुनिश्चित करें।

### अतुल सुभाष खुदकुशी मामला, पिता बोले- पोते व्योम के बारे में कुछ पता नहीं, अब बस उसकी फिक्र

समस्तीपुर (आरएनएस)। बेंगलुरू में पत्नी पर उत्पीड़न का आरोप लगा खुदकुशी करने वाले एआई इंजीनियर अतुल सुभाष के पिता पवन मोदी ने अपना दर्द साझा किया है। उनको अब फिक्र अपने पोते व्योम की है। बिहार के समस्तीपुर में रहने वाले पिता ने आईएएनएस से बात की। उन्होंने बताया कि उनका पोता कहां है, किस हाल में है, कैसा है इसकी जानकारी नहीं है। पुलिस इस मामले के बारे में कुछ भी नहीं बता पा रही है। पुलिस अगर चाहे तो उसके मोबाइल का उपयोग कर उसके लोकेशन का पता लगा सकती है, लेकिन अभी तक इस दिशा में किसी भी प्रकार का ऐसा कदम नहीं उठाया गया है। उन्हें आशंका है कि पोते के साथ कुछ गलत हो सकता है। बोले, मेरे पोते के साथ कोई अनहोनी हो सकती है, जैसा कि उनके बेटे के साथ हुआ था। इसके बाद उसने आत्महत्या कर ली । अतुल के पिता ने बताया कि उन्होंने अदालत का रुख भी किया था और सर्वोच्च न्यायालय से आदेश प्राप्त किया था, जिसमें सात तारीख तक तीन राज्यों की पुलिस को आदेश दिया गया था कि बच्चे को हाजिर किया जाए, लेकिन इसके बाद भी कोई कार्रवाई नहीं हुई है। कानून का दुरुपयोग हो रहा है, विशेष रूप से महिलाओं के लिए बनाए गए कानूनों का, जिनका गलत तरीके से इस्तेमाल किया जा रहा है। यह पूरे समाज के लिए एक बड़ा मुद्दा बन गया है और अब पुरुषों के पास अपनी बात रखने के लिए कोई जगह नहीं है। उन्होंने यह सुझाव दिया कि यह मामला जल्द से जल्द एक निष्पक्ष जांच के तहत सुलझाया जाए और उनके पोते को सुरक्षा और संरक्षण प्रदान किया जाए, ताकि वह अपने परिवार के साथ सुरक्षित और खुशहाल जीवन जी सके। अतुल के पिता की मानें तो वो उच्चाधिकारियों तक अपनी बात पहुंचा चुके हैं लेकिन अब तक कुछ ठोस होता हुआ नहीं दिखा है। उन्होंने कहा, सरकार और उच्च अधिकारियों से मदद की उम्मीद थी, जैसे प्रधानमंत्री और राष्ट्रपति से शिकायत की गई थी, लेकिन लगता है कि व्यस्तता के कारण उनकी बातों को गंभीरता से नहीं लिया गया।

### बांद्रा स्थित बिल्डिंग फॉर्च्यून एनक्लेव में लगी आग , गायक शान भी रहते हैं यहां

मुंबई(आरएनएस)। मुंबई के बांद्रा के पश्चिम इलाके में स्थित फॉर्च्यून एनक्लेव नाम की रेजिडेंशियल बिल्डिंग की 7वीं मंजिल पर सोमवार देर रात आग लग गई। इस बिल्डिंग में ही गायक शान का फ्लैट भी है।आग लगने की सूचना मिलने के बाद दमकल विभाग के कर्मचारी मौके पर पहुंचे और राहत एवं बचाव कार्य में जुट गए। अब तक 14 लोगों को बचाया जा चुका है। आग लगने से 80 वर्षीय एक बुजुर्ग महिला को सांस लेने में तकलीफ हो रही थी। इसके बाद उसे पास में स्थित बाबा अस्पताल में भर्ती कराया गया। बुजुर्ग महिला अभी अस्पताल में उपचाराधीन है।दमकल विभाग के मुताबिक, रात 12. 45 मिनट पर उन्हें आग लगने की सूचना मिली। इसके बाद दमकल विभाग के कर्मचारी मौके पर पहुंचे और राहत एवं बचाव कार्य शुरू किया। दमकल विभाग के कर्मचारियों ने राहत एवं बचाव कार्य के तहत पूरी बिल्डिंग को खाली करवा दिया। जिस बिल्डिंग में आग लगी है, उसी बिल्डिंग में मशहूर गायक शान भी रहते हैं। लेकिन, राहत की बात है कि घटना में और उनके परिवार को किसी भी प्रकार का नुकसान नहीं पहुंचा है। आग लगने के समय शान अपने परिवार के साथ फ्लैट में ही मौजूद थे। दमकल विभाग के अधिकारियों ने बताया कि आग लगने का प्रमुख कारण शॉर्ट सर्किट हो सकता है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। इसके बाद ही आगे की तस्वीर साफ हो पाएगी। पुलिस ने बताया कि वो इस घटना की हर पहलू से जांच करेगी। बता दें कि इससे पहले 16 अक्टूबर को मुंबई के अंधेरी पश्चिम में लोखंडवाला कॉम्प्लेक्स के एक फ्लैट में भीषण आग लग गई। इस घटना में बुजुर्ग दंपति समेत तीन लोगों की मौत हो गई थी। बीएमसी आपदा नियंत्रण ने बताया था कि सुबह करीब आठ बजे आग लगने की सूचना मिली थी। इसके तुरंत बाद अग्निशमन कर्मी और अन्य बचाव दल घटनास्थल पर पहुंच गए थे। लोखंडवाला में सीआर नंबर 4 स्थित 14 मंजिला इमारत रिया पैलेस की 10वीं मंजिल के फ्लैट में आग लगी थी। वहां से बहुत धुआं निकल रहा था।

# पहाड़ों पर बर्फबारी जारी, सफेद चादर में ढकें हिमाचल प्रदेश

## उत्तराखंड और कश्मीर, 174 सड़कें बंद, 700 पर्यटक फंसे

मनाली (ए)। हिमाचल प्रदेश के मनाली में भारी बर्फबारी के बाद सोलंग और अटल टनल, रोहतांग के बीच कई वाहन घंटों तक अपने वाहनों में फंसे रहे, जिसके बाद 700 से अधिक पर्यटकों को सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाया गया। इलाके से मिली तस्वीरों में बर्फबारी जारी रहने के दौरान यात्रियों और ड्राइवरों को उनके वाहनों को सुरक्षित निकालने में पुलिस कर्मियों की मदद करते हुए दिखाया गया।



स्थानीय अधिकारियों ने भी बचाव अभियान का समन्वय किया। 8 दिसंबर को पहली बर्फबारी के बाद दो सप्ताह के अंतराल के बाद शुरू हुई इस मनमोहक बर्फबारी ने न केवल आगंतुकों को प्रसन्न किया है, बल्कि स्थानीय पर्यटन उद्योग के उत्साह को भी फिर से जीवंत कर दिया है, जो कोविड-19 महामारी से हुए नुकसान से उबरने के लिए संघर्ष कर रहा है। बर्फ से ढकी पहाड़ियों की खूबसूरती से मोहित पर्यटक अपने प्रवास को बढ़ा रहे हैं, जिससे यह सभी के लिए खुशी और जश्न का मौसम बन गया है। इस अप्रत्याशित बर्फबारी ने व्हाइट क्रिसमस का सपना देखने वालों में उत्साह भर दिया है। कई पर्यटक, जो पहले तो यहां से जाने की योजना बना रहे थे, अब शिमला की सर्दियों की मस्ती का आनंद लेने के लिए यहीं रुकने का निर्णय ले चुके हैं। उत्तराखंड के ऊंचाई वाले इलाक़ों में सोमवार को बर्फवारी हुई जिससे निचले इलाकों में सर्द हवाएं चलने लगीं और पूरा प्रदेश भीषण ठंड की चपेट में आ गया। उत्तराखंड में बदरीनाथ, केदारनाथ, गंगोत्री, यमुनोत्री, मुनस्यारी, हेमकुंड साहिब जैसे ऊंचाई वाले क्षेत्रों में जमकर बर्फ पड़ी।



तमिलनाडु के राज्यपाल आर. एन. रवि ने नई दिल्ली में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मुलाकात की.

### सांसद राशिद इंजीनियर को झटका, दिल्ली कोर्ट से रेगुलर बेल की याचिका खारिज

नई दिल्ली (ए)। दिल्ली कोर्ट ने टेरर फंडिंग मामले में राशिद इंजीनियर की नियमित जमानत याचिका पर रोक लगाने का आदेश देने से इनकार कर दिया। यह फैसला अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश चंदर जीत सिंह ने सुनाया, जिन्होंने राशिद इंजीनियर द्वारा दायर याचिका को खारिज कर दिया, जिसमें उसने अपनी जमानत याचिका पर शीघ्र आदेश देने की मांग की थी। न्यायाधीश सिंह ने स्पष्ट किया कि इस बिंदु पर, वह केवल विविध आवेदन पर विचार-विमर्श कर सकते हैं, नियमित जमानत अनुरोध पर नहीं। अब्दुल रशीद शेख, जिन्हें इंजीनियर रशीद के नाम से जाना जाता है, उत्तरी कश्मीर की लंगेट सीट से दो बार विधायक रह चुके हैं। सत्तावन वर्षीय राशिद लोकसभा चुनाव 2024 के दौरान तब चर्चा में आए थे जब उन्होंने उत्तरी कश्मीर की बारामूला सीट पर जम्मू-कश्मीर के पूर्व मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला को दो लाख से अधिक वोटों से हराया था। राशिद की जीत एक चौंकाने वाली है क्योंकि उन्होंने तिहाड़ जेल से चुनाव लड़ा था, जहां वह पिछले पांच वर्षों से गैरकानूनी गतिविधियां (रोकथाम) अधिनियम (यूएपीए) के तहत आरोपों का सामना कर रहे हैं।

## कांग्रेस की मांग, अमित शाह को किया जाना चाहिए बर्खास्त

नई दिल्ली (ए)। कांग्रेस नेता जयराम रमेश ने मंगलवार को कहा कि अंबेडकर विवाद का एकमात्र समाधान यह है कि केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह को बर्खास्त किया जाना चाहिए और राज्यसभा में बाबासाहेब अंबेडकर पर अपनी टिप्पणी पर देश से माफी मांगनी चाहिए। मंगलवार को एक प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित करते हुए, जयराम रमेश ने इस बात पर प्रकाश डाला कि पिछले सात दिनों से कांग्रेस अंबेडकर सम्मान सप्ताह मना रही है, जिसके दौरान विभिन्न स्थानों पर 100 से अधिक प्रेस कॉन्फ्रेंस आयोजित की गई हैं। जयराम रमेश ने कहा कि यह 17 दिसंबर को गृह मंत्री द्वारा अंबेडकर के अपमान के जवाब में है। आज सभी जिलों में बैठकें हो रही हैं और राष्ट्रपति को सौंपने के लिए एक दस्तावेज तैयार किया जा रहा है। इस स्थिति का एकमात्र समाधान यही है कि गृह मंत्री को बर्खास्त किया जाये और माफी मांगी जाये। उन्होंने कहा कि पिछले 7 दिन से कांग्रेस पार्टी अंबेडकर सम्मान सप्ताह मना रही है। हमने अमित शाह द्वारा अंबेडकर जी के अपमान किए जाने के मामले में देश के 100 से ज्यादा शहरों में प्रेस कॉन्फ्रेंस भी की हैं। आज सभी जिलों में बैठक हो रही है, मोर्चा निकालकर एक दस्तावेज तैयार किया जा रहा है, जिसे राष्ट्रपति को सौंपा जाएगा। उन्होंने साफ तौर पर कहा कि हमारी मांग है कि गृह मंत्री अमित शाह माफी मांगें और गृह मंत्री को कैबिनेट से बर्खास्त किया जाए। इस बीच, बीआर अंबेडकर पर संसद में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह की टिप्पणी के खिलाफ कांग्रेस पार्टी आज देशव्यापी विरोध प्रदर्शन कर रही है। शाह ने कथित तौर पर राज्यसभा में कहा, अगर उन्होंने (विपक्ष ने) अंबेडकर के बजाय इतनी बार भगवान का नाम लिया होता, तो उन्हें सात जन्मों के लिए स्वर्ग मिल जाता। शाह द्वारा की गई टिप्पणी के बाद, संसद में पिछले हफ्ते संसद के बाहर सत्ता पक्ष और विपक्ष दोनों ने समानांतर विरोध प्रदर्शन देखा, जिसके कारण दोनों पक्षों के बीच भारी हाथापाई हुई और दो भाजपा सांसद, प्रताप सारंगी और मुकेश राजपूत घायल हो गए।



### जयपुर हादसे में जान गंवाने वालों की संख्या बढ़कर 15 हुई, 18 गंभीर हालत में अभी भी



जयपुर (ए)। जयपुर में गैस टैंकर हादसे में शामिल चालक जयवीर को पुलिस के सामने पेश हुआ। एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि घटना की जांच कर रहा विशेष जांच दल (एसआईटी) जयवीर से पूछताछ करेगा। उत्तर प्रदेश के मथुरा का रहने वाला जयवीर हादसे के समय टक्कर से होने वाले नुकसान को भांपते हुए समय रहते ही गैस टैंकर से निकल गया था। एलपीजी से भरे टैंकर को एक ट्रक ने टक्कर मारी थी, जिससे टैंकर के नोजल टूट गए और उनसे गैस का रिसाव होने लगा। गैस रिसाव से लगी भीषण आग ने आसपास के 35 से अधिक वाहनों को अपनी चपेट में ले लिया।

### हरियाणा में प्रशासनिक फेरबदल, आईपीएस सौरभ सिंह बने सीआईडी चीफ

चंडीगढ़ , (आरएनएस)। हरियाणा में रविवार को प्रशासनिक फेरबदल हुआ है। यहां पर आईपीएस सौरभ सिंह को सीआईडी चीफ और आईपीएस आलोक मित्तल को एडीजीपी एंटी करप्शन ब्यूरो (एसीबी) नियुक्त किया गया है। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व वाली भारतीय जनता पार्टी शासित हरियाणा में बड़ा प्रशासनिक फेर बदल हुआ है। यहां पर 1993 बैच के आईएएस अधिकारी आलोक मित्तल को एंटी करप्शन ब्यूरो और एडिशनल रेजिडेंट कमिश्नर की जिम्मेदारी दी गई है। वहीं, 1998 बैच के आईपीएस अधिकारी सौरभ सिंह को एडीजीपी/सीआईडी नियुक्त किया गया है। हरियाणा में नई सरकार के गठन के बाद से प्रशासनिक फेरबदल लगातार जारी है। इसे पहले दो दिसंबर को बड़े स्तर पर आईएएस अधिकारियों की ट्रांसफर पोस्टिंग हुई थी। प्रदेश सरकार ने 44 अधिकारियों के ट्रांसफर-पोस्टिंग की थी। आईएएस अनुराग रस्तोगी को सबसे अहम वित्त आयुक्त राजस्व (एफसीआर), वित्त विभाग एवं आपदा प्रबंधन विभाग की जिम्मेदारी सौंपी गई थी और आईएएस सुमिता मिश्रा को गृह सचिव नियुक्त किया गया था।

# आरक्षण के मुद्दे का समाधान करें, अदालत पर इसे छोड़ना दुर्भाग्यपूर्ण : महबूबा मुफ्ती

श्रीनगर (ए)। पीपुल्स डेमोक्रेटिक पार्टी (पीडीपी) की अध्यक्ष महबूबा मुफ्ती ने जम्मू एवं कश्मीर के मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला से आरक्षण के मुद्दे को सुलझाने का रास्ता तलाश करने का आह्वान करते हुए कहा कि मामले को अदालतों पर छोड़ना ''बहुत दुर्भाग्यपूर्ण'' है। पूर्व मुख्यमंत्री महबूबा मुफ्ती ने यहां संवाददाताओं से कहा कि जम्मू-कश्मीर के लोगों, विशेषकर युवाओं ने विधानसभा चुनाव में बड़ी संख्या में नेशनल कॉन्फ्रेंस (एनसी) को वोट दिया ताकि आरक्षण को 'तर्कसंगत' बनाया जा सके और किसी का अधिकार नहीं छीना जा सके उन्होंने कहा, ''हम इसमें कोई राजनीति नहीं चाहते हैं, लेकिन हम सामान्य वर्ग के छात्रों को परेशान कर रहे हैं। मुख्यमंत्री ने छह महीने का समय मांगा है। उनके (नेकां के) पास लद्दाख सहित तीन सांसद और 50 विधायक हैं, उन्हें छह महीने की जरूरत क्यों है? उन्हें लगता है कि अदालत का फैसला आ जाएगा और उन्हें कुछ नहीं करना पड़ेगा।'' महबूबा मुफ्ती ने कहा कि नेकां सरकार आरक्षण के मुद्दे को सुलझाने के लिए एसआरओ ला सकती थी, जैसा उन्होंने 2018 में किया था। जब वह स्नातकोत्तर में सामान्य श्रेणी के लिए 75 प्रतिशत सीट निर्धारित करने के लिए एसआरओ-49 लेकर आई थीं। पीडीपी अध्यक्ष ने सवाल किया, ''यदि इन छह महीनों में व्याख्याताओं, पुलिस आदि की भर्ती होती है तो इन (सामान्य श्रेणी के छात्रों) को क्या मिलेगा?'' मुख्यमंत्री आवास के बाहर सोमवार को नेकां के श्रीनगर से सांसद आगा सैयद रूहुल्लाह मेहदी द्वारा किए गए विरोध प्रदर्शन का जिक्र करते हुए महबूबा मुफ्ती ने कहा कि लोगों ने संसदीय चुनावों में भी यह सोचकर नेकां को वोट दिया था कि वे उनके मुद्दों को सुलझाएंगे या कम से कम संसद में उन्हें उठाएंगे।



### राजस्थान मंडपम को समय से करें पूरा, विश्वस्तरीय सुविधाओं से लैस होगा मंडपम : मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा



जयपुर (आरएनएस)। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि राजस्थान मंडपम राज्य की कला, संस्कृति और पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए सांस्कृतिक और व्यावसायिक आयोजनों के लिए प्रमुख आकर्षण का केन्द्र बनेगा। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि जयपुर में बनने वाले इस मंडपम को विश्वस्तरीय सुविधाओं से लैस बनाया जाए तथा इसमें आधुनिक तकनीक और परंपरागत राजस्थानी वास्तुकला का बेहतरीन संयोजन किया जाए। उन्होंने अधिकारियों को मण्डपम के निर्माण को समयबद्ध पूरा करने के निर्देश दिए। शर्मा सोमवार को मुख्यमंत्री निवास पर राजस्थान मण्डपम के निर्माण की तैयारियों को लेकर बैठक को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि भारत मण्डपम की तर्ज पर जयपुर में राजस्थान मण्डपम का निर्माण किया जाएगा। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि इसमें बनने वाले एग्जीबिशन हॉल, ओपन हॉल तथा ऑडिटोरियम में दर्शक क्षमता का पूरा ध्यान रखा जाए जिससे ज्यादा से ज्यादा लोग यहां आयोजित होने वाले कार्यक्रमों में भागीदारी कर सकें। सभी आवश्यक सुविधाएं विकसित होगी यूनिटी मॉल में मुख्यमंत्री ने कहा कि मेक इन इंडिया तथा वन नेशन वन प्रोडक्ट के तहत स्वदेशी उत्पाद को बढ़ावा देने के लिए मंडपम में यूनिटी मॉल का भी निर्माण किया जाएगा। उन्होंने अधिकारियों को इस मॉल में सभी तरह की आवश्यक सुविधाएं विकसित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि भविष्य की आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए यहां संसाधन विकसित किया जाए। उन्होंने मंडपम में बनने वाले यूनिटी मॉल, पार्किंग, दुकानें एवं ऑडिटोरियम सहित पूरे मास्टर प्लान की समीक्षा की।



### अटल जी के प्रति अनुराग व प्रेम को व्यक्त करते हैं युवा कुम्भ जैसे आयोजन : योगी आदित्यनाथ

लखनऊ (ए) । उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि युवा कुम्भ जैसे आयोजन अटल बिहारी वाजपेयी के प्रति देश-प्रदेश के अनुराग व प्रेम को व्यक्त करते हैं। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने रक्षा मंत्री व लखनऊ के सांसद राजनाथ सिंह के साथ मंगलवार को के डी सिंह बाबू स्टेडियम में अटल युवा महाकुम्भ की शुरुआत करने के बाद अपने संबोधन में कहा कि यहां के जनप्रतिनिधियों ने पूर्व प्रधानमंत्री की स्मृति को जीवंत बनाए रखने के लिए सभी संस्थाओं को एक मंच दिया है। योगी ने कहा कि युवा कुम्भ उन स्मृतियों को ताजा कर रहा है। जो भारत की सनातन धर्म की परंपरा में कुम्भ के आयोजन के साथ जुड़ती है। एक आधिकारिक बयान के अनुसार, भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी जी के जन्म शताब्दी वर्ष पर कदम से कदम मिलाकर चलना होगा थीम पर यह आयोजन हुआ। रक्षा मंत्री व मुख्यमंत्री ने इस मौके पर बच्चों को चॉकलेट बांटी। योगी ने कहा च्कुम्भ भारत की पहचान है। सनातन व आध्यात्मिक ऊर्जा की अनुभूति का समागम है। उस महासमागम का जो दृश्य 13 जनवरी से 26 फरवरी तक प्रयागराज में दिखेगा, उसकी झांकी आज यहां देखने को मिल रही है। योगी ने वाजपेयी की कविता कदम मिलाकर चलना होगा सुनाई। मुख्यमंत्री ने कहा कि यह वाजपेयी का जन्म शताब्दी वर्ष है और आज उसकी शुरुआत भव्यता से हो रही है। इस अवसर पर उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक, राज्यसभा सदस्य व पूर्व उपमुख्यमंत्री डॉ. दिनेश शर्मा, महापौर सुषमा खर्कवाल, विधान परिषद सदस्य व पूर्व मंत्री डॉ. महेंद्र सिंह समेत कई प्रमुख लोग मौजूद थे।



बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने एक कार्यक्रम के दौरान रिबन काटा जब उनकी प्रगति यात्रा मोतिहारी के पूर्वी चंपारण के केसरिया पहुंची.


## सामूहिक दुष्कर्म के मामले में दस महीनों से फरार अभियुक्त गिरफ्तार

उदयपुर, (आरएनएस)। करीब 10 महीने पहले जिले के बेकरिया थाना क्षेत्र से एक महिला को अगवा कर बंधक बना सामूहिक दुष्कर्म करने के मामले में घटना के वक्त से फरार चल रहे आरोपी विक्रत पुत्र अमराराम निवासी जामेला फली पीपला सेवाड़ी, बाली जिला पाली को थाना पुलिस की टीम ने डिटेल कर पूछताछ के बाद गिरफ्तार कर लिया है। एसपी योगेश गोयल ने बताया कि 10 फरवरी को एक महिला द्वारा रिपोर्ट दी गई कि 29 दिसम्बर, 2023 को वह घरेलु सामान लेने मालवा का चौरा आई थी। दिन में 02.00 बजे नेशनल हाईवे 27 पीचसी के निकट दो व्यक्ति एक बाइक लेकर आये। दोनों ने उसे रोका और जबरन बाइक पर बैठाने लगे। विरोध करने पर धारदार हथियार सुरा से डरा कर मोटरसाइकिल पर बैठा बिजापुर बाली ले गये। जहां एक घर में ले जाकर आरोपी विक्रम गरासिया व उसी के गांव के शान्ताराम गरासिया ने उसे बंधक बना लिया। जहां विक्रम ने उसके साथ दुष्कर्म किया और पत्नी बनाने की नियत से उसे गुजरात ले गया। 02 फरवरी को वह भाग कर अपने घर पहुंची और परिजनों को सारी बात बताई। रिपोर्ट पर प्रकरण दर्ज कर



अनुसंधान प्रारम्भ किया गया। एसपी गोयल द्वारा जघन्य अपराधों के मामले में फरार अभियुक्तों की धरपकड के लिए चलाये जा रहे अभियान के तहत एएसपी गोपाल स्वरूप मेवाडा व सीओ राजेन्द्र सिंह, के सुपरविजन एवं एसएचओ उत्तम सिंह के नेतृत्व में गठित की गई टीम द्वारा आसूचना व तकनीकी सहयोग से मामले में घटना के वक्त से फरार आरोपी विक्रम गरासिया को डिटेन कर पुछताछ के बाद गिरफ्तार किया गया। प्रकरण में अग्रिम अनुसंधान जारी है।

# गौहर खान ने शो लवली लोला को बताया कमाल, टीम के साथ की खूब मस्ती




मनोरंजन जगत की खूबसूरत अभिनेत्री गौहर खान अपने आगामी शो 'लवली लोला' की रिलीज को लेकर उत्साहित हैं। शो के प्रमोशन में जुटी अभिनेत्री सोशल मीडिया पर एक से बढ़कर एक पोस्ट साझा कर रही हैं। गोहर ने एक वीडियो साझा किया, जिसमें वह टीम के साथ खूब मस्ती करती नजर आईं।सोशल मीडिया पर अक्सर मजेदार पोस्ट साझा करने वाली अभिनेत्री गौहर खान ने इंस्टाग्राम पर एक और मजेदार पोस्ट को साझा करते हुए कैप्शन में लिखा, लोला के साड़ी और लवली लोला का क्रू, दोनों ही कमाल। यूट्यूब पेज पर जल्दी आ रही है। 25 दिसंबर से, जल्दी करो आप।वीडियो में गौहर खान, क्रेटेक्स, क्रुणाल घोरपड़े के मराठी गाने 'तांबडी चामडी' पर अपनी टीम के साथ थिरकती नजर आईं। इस गाने को क्रेटेक्स-क्रुणाल ने कंपोज और प्रोड्यूस किया है, जबकि इसके बोल श्रेयस सागवेकर ने लिखे और गाए हैं।बिग बॉस विजेता गौहर खान के वर्कफ्रंट की बात करें तो अभिनेत्री जल्द ही 'लवली लोला' में नजर आने वाली हैं। इस शो में गौहर के साथ इशा मालवीय लीड रोल में हैं। गौहर इस शो में 21 साल की मां के किरदार में नजर आएंगी। कॉमेडी से भरपूर इस शो में मां-बेटी के बीच खटपट होती दिखाई देगी।शो का निर्माण रवि दुबे और शरगुन मेहता ने किया है। शो का प्रोमो हाल ही में रिलीज हुआ है। शो यूट्यूब चैनल ड्रीमियता ड्रामा पर स्ट्रीम होगा। लवली लोला शो का पहला एपिसोड 25 दिसंबर को स्ट्रीम होगा।बता दें कि गौहर खान सोशल मीडिया पर खूब एक्टिव रहती हैं और अक्सर ट्रेंडिंग रील बनाती रहती हैं।

अभिनेत्री का इंस्टाग्राम अकाउंट उनकी मजेदार पोस्ट से भरा पड़ा है। हाल ही में गौहर खान ने एक वीडियो साझा किया था, जिसमें वह नीति मोहन-साद लैमजारेड के गाने होमा डोल पर थिरकती नजर आई थीं।अभिनेत्री ने इंस्टाग्राम पर डांस का वीडियो साझा कर कैप्शन में लिखा था, मुझे साद लैमजारेड और नीति मोहन का नया गाना बहुत पसंद आया था। ट्रेंडिंग रिल्स, होमा डोल। 'होमा डोल' से पहले गौहर कीर्ति सुरेश और वरुण धवन स्टारर 'बेबी जॉन' के गाने 'नैन मटक्का' पर अभिनेता करण ग्रोवर के साथ थिरकती नजर आई थीं।

## किच्चा सुदीप की बहुप्रतीक्षित फिल्म मैक्स का ट्रेलर रिलीज़

किच्चा सुदीप की बहुप्रतीक्षित फिल्म मैक्स क्रिसमस के दिन सिनेमाघरों में आने वाली है और हाल ही में रिलीज हुए ट्रेलर ने प्रशंसकों के बीच जबरदस्त उत्साह पैदा कर दिया है। पहले इसे सुबह 11:08 बजे रिलीज करने का कार्यक्रम था, लेकिन ट्रेलर लॉन्च को स्थगित कर दिया गया और चित्रदुर्ग के किच्चना कोटे में प्री-रिलीज़ इवेंट के साथ जोड़ दिया गया। ट्रेलर में सुदीप के किरदार अर्जुन महाक्षय को राक्षस मोड में दिखाया गया है, जो एक ट्रिगरिंग घटना के बाद हिंसा से बदला लेता है। एक्शन से भरपूर ट्रेलर में एक सस्पेंस भरी कहानी को एक ही रात में, शाम 7 बजे से सुबह 7 बजे तक के समय में दिखाया गया है।सुदीप ने कथा में रोमांटिक उलझनों से बचने के महत्व पर जोर दिया, जिससे यह सुनिश्चित हो सके कि कहानी केंद्रीय कथानक पर केंद्रित रहे। विजय कार्तिकेय द्वारा निर्देशित मैक्स में वरलक्ष्मी सरथकुमार, सुनील, शरत लोहिताश्व, प्रमोद शेट्टी, सुकृता वागले, संयुक्ता हॉर्नड, सुधा बेलावाड़ी और विजय चेंदूर हैं।

## विक्की कौशल और कैटरीना कैफ ने अपनी शादीशुदा जिंदगी पर की खुलकर बात



बॉलीवुड के पावर कपल विक्की कौशल और कैटरीना कैफ ने अपने रिश्ते को लेकर हाल ही में खुलासा किया। 2021 में राजस्थान में एक ग्रैंड और प्राइवेट वेडिंग के बाद, दोनों के बीच आज भी गहरी समझ और तालमेल देखने को मिलता है। कैटरीना ने अपने एक साक्षात्कार के दौरान अपने पति विक्की कौशल के साथ अपने रिश्ते की खूबसूरती और उनकी अंडरस्टैंडिंग पर बात की।

कैटरीना ने बताया कि दोनों के बीच काम और क्वालिटी टाइम को लेकर संतुलन कैसे बनाया जाता है। उन्होंने कहा, विक्की मुझे अक्सर फोन रखने और काम खत्म करने की याद दिलाते हैं। वह बहुत धैर्यवान हैं और मेरे काम को प्रोत्साहित भी करते हैं। कैटरीना ने यह भी बताया कि वे कभी काम को घर नहीं लाते, चाहे वह कितना भी महत्वपूर्ण क्यों न हो। उन्होंने कहा, हम दोनों जब घर पर होते हैं तो पूरी तरह से एक-दूसरे को समय देते हैं। बाथरूम काउंटर शेयर करने को लेकर मजेदार सवाल पर कैटरीना ने हंसते हुए कहा, विक्की बहुत समझदार हैं और एडजस्ट करना जानते हैं। वहीं, एनिवर्सरी के बारे में उन्होंने कहा, हम अपनी शादी की सालगिरह पर हमेशा कहीं दूर घूमने जाते हैं, जहां सिर्फ हम दोनों होते हैं। ऐसी जगहें हमें बहुत पसंद हैं।

कैटरीना और विक्की की प्रेम कहानी लॉकडाउन के समय सबसे ज्यादा सुर्खियों में रही। दोनों ने शादी से पहले काफी समय तक एक-दूसरे को डेट किया। विक्की अक्सर अवॉर्ड फंक्शन्स में कैटरीना के प्रति अपना प्यार जाहिर करते थे, और कैटरीना भी विक्की की परफॉर्मेंस की जमकर तारीफ करती थीं। 9 दिसंबर 2021 को हुई उनकी शादी को बेहद प्राइवेट रखा गया था, जिसमें केवल करीबी परिवार और दोस्तों को ही शामिल किया गया। शादी के तीन साल बाद भी दोनों के बीच का प्यार और बॉन्डिंग एक मिसाल के तौर पर देखी जाती है।

# बड़े बदलावों के दौर से गुजर रहा टीवी शो अनुपमा




मुंबई (ईएमएस)। छोटे परदे का पॉपुलर शो अनुपमा बड़े बदलावों के दौर से गुजर रहा है। हाल ही में अनुज कपाड़िया का किरदार निभाने वाले गौरव खन्ना ने अनुपमा से विदा ली थी। इनके बाद एक और एक्ट्रेस अलीशा परवीन ने भी शो को अलविदा कह दिया है।

अलीशा परवीन ने महज दो महीने पहले ही शो में एंट्री की थी, जब कहानी में एक बड़ा जेनरेशन लीप आया था। दर्शकों ने उन्हें रूपाली गांगुली द्वारा निभाए गए मुख्य किरदार अनुपमा की गोद ली हुई बेटी राही के रूप में खूब पसंद किया। खासतौर पर उनकी प्रेम (शिवम खजुरिया) के साथ केमिस्ट्री को काफी सराहा गया। लेकिन अब अचानक उनके शो छोड़ने की खबर ने फैंस को हैरान कर दिया है। अलीशा ने खुद इस बात की पुष्टि की है और इसे उनके लिए चौंकाने वाला और निराशाजनक अनुभव बताया। उन्होंने कहा, मुझे बिल्कुल अंदाजा नहीं था कि ऐसा कुछ होगा। अनुपमा के सेट पर आज मेरा आखिरी दिन था। यह एक शानदार मौका था और हर कोई मुझे और शिवम की जोड़ी को पसंद कर रहा था। लेकिन मुझे अचानक हटाने का फैसला क्यों लिया गया, यह मेरे लिए भी रहस्य है। उन्होंने आगे कहा, मेरी कल एक मीटिंग हुई थी, जिसमें मुझे इस फैसले के बारे में बताया गया। यह काफी अप्रत्याशित था। हालांकि इंडस्ट्री में ऐसा कभी-कभी होता है। मैं अब अपने भविष्य के प्रोजेक्ट्स पर ध्यान केंद्रित करूंगी। फिलहाल, शो की कहानी राही और प्रेम के इर्द-गिर्द घूम रही है। कहानी में दिखाया गया है कि प्रेम, राही के प्रति अपने प्यार का इजहार करता है, लेकिन राही अपने फीलिंग्स से इनकार कर देती है। इससे निराश होकर प्रेम, अनुपमा के किचन में शेफ की नौकरी छोड़ देता है और पूरे परिवार को अलविदा कह देता है।

# कंगना ने दिलजीत के गानों का समर्थन कर चौकाया



पंजाबी सिंगर दिलजीत दोसांझ इन दिनों अपने दिल-लुमिनाटी इंडिया टूर को लेकर चर्चा में हैं। लेकिन उनके गानों को लेकर तेलंगाना, पंजाब, राजस्थान और महाराष्ट्र में विवाद खड़ा हो गया है।

कई राज्यों में उनके कॉन्सर्ट के दौरान शराब या ड्रग्स को प्रमोट करने वाले गानों पर बैन लगाया गया, जिसके चलते दिलजीत को आलोचनाओं का सामना करना पड़ा। वहीं बालीवुड एक्ट्रेस एवं भाजपा सांसद कंगना रनौत ने पंजाबी सिंगर का समर्थन कर सबको चौंका दिया है। दिलजीत का समर्थन करते हुए कहा कि यह सिर्फ कलाकारों की जिम्मेदारी नहीं है, बल्कि समाज की भी है। उन्होंने कहा, गानों और फिल्मों से आप हर चीज निकाल देंगे, लेकिन क्या यह लोगों की जिम्मेदारी नहीं है? शराब तो हर जगह बैन है, लेकिन क्या वो बिकना बंद हो गई? कितने हादसे हो रहे हैं, लेकिन कौन इन नियमों को फॉलो करता है? दिलजीत दोसांझ को इससे पहले बाल अधिकार संरक्षण आयोग ने चंडीगढ़ में होने वाले उनके कॉन्सर्ट के लिए नोटिस जारी किया था। आयोग ने सिंगर को निर्देश दिया था कि वह शराब या ड्रग्स को प्रमोट करने वाले गाने न गाएं और बच्चों को स्टेज पर न बुलाएं। तेलंगाना सरकार ने भी उनके हैदराबाद कॉन्सर्ट में शराब और हिंसा को बढ़ावा देने वाले गानों पर रोक लगाई थी। इसके अलावा, इंदौर में बजरंग दल ने दिलजीत के कॉन्सर्ट का विरोध किया था। इन घटनाओं ने दिलजीत के टूर को विवादों के केंद्र में ला दिया है।

## शॉर्ट ड्रेस पहन जाह्नवी कपूर ने बिखेरा हुस्न का जलवा, एक्ट्रेस की हॉटनेस देख यूजर्स ने लूटाया प्यार



बॉलीवुड एक्ट्रेस जाह्नवी कपूर आए दिन अपनी ग्लैमरस और हॉट फोटोज इंस्टाग्राम पर पोस्ट करती रहती हैं। उनका बोल्ड अंदाज इंटरनेट पर आते ही तेजी से वायरल होने लगता है। अब हाल ही में एक्ट्रेस ने बेहद ही सिजलिंग फोटोशूट की तस्वीरें इंस्टाग्राम पर पोस्ट की हैं। इन तस्वीरों में उनका कातिलाना अवतार देखकर फैंस एक बार फिर से बेकाबू हो गए हैं।

बी-टाउन की खूबसूरत अभिनेत्री जाह्नवी कपूर हमेशा अपनी ग्लैमरस तस्वीरें इंस्टाग्राम पर शेयर कर अक्सर फैंस का सारा अटेंशन अपनी ओर खींच लेती हैं। वो जब भी अपनी तस्वीरें फैंस के बीच शेयर करती हैं तो वो चंद ही मिनटों में वायरल होने लगती हैं। हाल ही में एक्ट्रेस ने अपने लेटेस्ट फोटोशूट की तस्वीरें फैंस के बीच पोस्ट की हैं। इन तस्वीरों में भी लोग लाइक्स और कॉमेंट्स करते हुए अपनी-अपनी प्रतिक्रियाएं दे रहे हैं।फोटोज में आप देख सकते हैं एक्ट्रेस जाह्नवी कपूर ने पिंक कलर की बेहद ही बोल्ड ऑफ शोल्डर बॉडीकॉन ड्रेस पहनी हुई है, जिसमें वो एक से बढ़कर एक पोज देती हुई नजर आ रही हैं।फोटोज में आप देख सकते हैं एक्ट्रेस जाह्नवी कपूर ने पिंक कलर की बेहद ही बोल्ड ऑफ शोल्डर बॉडीकॉन ड्रेस पहनी हुई है, जिसमें वो एक से बढ़कर एक पोज देती हुई नजर आ रही हैं।एक्ट्रेस की इन तस्वीरों को पोस्ट हुए कुछ ही घंटे हुए हैं और अब तक लाखों यूजर्स ने लाइक कर दिया है। वहीं, कुछ यूजर्स कॉमेंट्स और रिएक्शंस के जरिए दिलखोलकर अपना प्यार लूटा रहे हैं।

# पुष्पा 2 ने लगाई लंबी छलांग, घरेलू बॉक्स ऑफिस पर 1100 करोड़ की ओर बढ़ रही अल्लू अर्जुन की फिल्म



सुकुमार की निर्देशित फिल्म पुष्पा 2: द रूल अपने तीसरे हफ्ते में प्रवेश कर चुकी हैं. तीसरे वीकेंड में भी फिल्म ने बॉक्स ऑफिस पर अच्छा प्रदर्शन किया है. हालांकि फिल्म के मुख्य कलाकार अल्लू अर्जुन भगदड़ मामले में कई मुद्दों का सामना कर रहे हैं. इसके बावजूद फिल्म बॉक्स ऑफिस पर अपनी पकड़ बनाए रखी है. सैकनिलक की रिपोर्ट के अनुसार पुष्पा 2 ने अपने तीसरे रविवार को भारतीय बॉक्स ऑफिस पर 1060 करोड़ रुपये का आंकड़ा पार कर लिया है.सैकनिलक रिपोर्ट के अनुसार, पुष्पा 2: द रूल ने अपने तीसरे शनिवार को सभी भाषाओं में लगभग 24.75 करोड़ कमाए. वहीं, रविवार को फिल्म के कलेक्शन में इजाफा देखने को मिला. 18वें दिन अल्लू अर्जुन की फिल्म ने 33.25 करोड़ रुपये कमाए, जिसके बाद पुष्पा 2 का भारत में कुल 1062.9 करोड़ रुपये हो गया है. इसी के साथ पुष्पा 2 भारत में सबसे ज्यादा कमाई करने वाली फिल्म बन गई है. इसने बाहुबली 2 (1030.42 करोड़ रुपये) को पीछे छोड़ दिया है.पुष्पा 2 बाकी भाषाओं की अपेक्षा हिंदी भाषा में अच्छा परफॉर्म कर रही हैं. हिंदी बॉक्स ऑफिस पर पुष्पा 2 700 करोड़ रुपये के करीब पहुंच गई है. मेकर्स के मुताबिक, फिल्म ने तीसरे शुक्रवार तक हिंदी भाषा में कुल 654 करोड़ रुपये कमाए. वही, सैकनिलक रिपोर्ट के अनुसार, फिल्म ने 17वें और 18वें दिन क्रमशः 20 करोड़ रुपये और 26.75 करोड़ रुपये की कमाई की. इस तरफ पुष्पा 2 ने 18 दिनों में भारत में कुल 691.75 करोड़ रुपये कमा लिए हैं.आने वाले दिनों में निर्देशक कलीस की बेबी जॉन, जिसमें वरुण धवन , कीर्ति सुरेश और वामिका गब्बी मुख्य भूमिका में हैं, रिलीज होने वाली है.

# क्या केवल नारियल पानी पीने से ठीक हो जाता है हैंगओवर? आइए जानें इसकी सच्चाई

नारियल पानी को अक्सर हैंगओवर का इलाज बताया जाता है। लोग मानते हैं कि यह शरीर को हाइड्रेट करता है और हैंगओवर के लक्षणों को कम करता है। नारियल पानी में पोटैशियम और मैग्नीशियम जैसे इलेक्ट्रोलाइट्स होते हैं, जो शरीर को ऊर्जा देने में मदद करते हैं। हालांकि, यह जानना जरूरी है कि केवल नारियल पानी पीने से इस समस्या का समाधान होता है या नहीं। आइए इस लेख के जरिए इस मिथक की सच्चाई जानते हैं।



### क्या नारियल पानी है हैंगओवर का इलाज?

नारियल पानी में इलेक्ट्रोलाइट्स होते हैं, जो शरीर को हाइड्रेट करने में मदद करते हैं। यह शरीर में तरल पदार्थ की कमी को पूरा करता है, जिससे आप ताजगी महसूस कर सकते हैं।हालांकि, सिर्फ हाइड्रेशन ही हैंगओवर का इलाज नहीं कर सकता। शराब पीने से सिरदर्द, मतली और कमजोरी जैसी समस्याएं होती हैं।इसलिए, केवल नारियल पानी पीने से सभी समस्याओं का समाधान नहीं होता और आपको अन्य उपाय भी अपनाने चाहिए।

### पोषक तत्वों की कमी

शराब पीने के बाद शरीर में कई पोषक तत्वों की कमी हो जाती है, जिससे कमजोरी और थकान महसूस होती है। नारियल पानी में कुछ विटामिन और मिनरल होते हैं, जो शरीर को थोड़ी राहत दे सकते हैं।हालांकि, यह सभी जरूरी पोषक तत्वों की पूर्ति नहीं कर सकता। इसलिए, संतुलित डाइट लेना भी जरूरी होता है, ताकि शरीर को सभी आवश्यक पोषक तत्व मिल सकें और आप जल्दी ठीक हो सकें।

### हैंगओवर के इलाज के वैज्ञानिकों द्वारा बताए गए तरीके

वैज्ञानिक शोध बताते हैं कि नारियल पानी से हैंगओवर के दौरान थोड़ी राहत मिल सकती है, लेकिन इसे एकमात्र उपाय मानना गलत होगा।बेहतर होगा कि आप पर्याप्त मात्रा में पानी पिएं, पौष्टिक खाना खाएं और आराम करें, ताकि आपका शरीर जल्दी ठीक हो सके।इसके अलावा, विटामिन और मिनरल से भरपूर फलों का सेवन भी फायदेमंद होता है। हैंगओवर से बचने के लिए अच्छी नींद लेना भी जरूरी है।

### हैंगओवर मिटाने के अन्य उपाय

हैंगओवर से बचने के लिए केवल नारियल पानी पर निर्भर न रहें। इसके साथ पर्याप्त नींद लें, एक्सरसाइज करें और ताजगी देने वाले फलों का सेवन करें।ये सब मिलकर आपके स्वास्थ्य को बेहतर बनाएंगे और आपको जल्दी ठीक होने में मदद करेंगे। नारियल पानी अकेले ही हैंगओवर का पूरा समाधान नहीं हो सकता।इसे एक सहायक उपाय के रूप में इस्तेमाल किया जा सकता है, पर अन्य स्वस्थ आदतें अपनाना भी उतना ही जरूरी है।

# आने वाला है क्रिसमस का त्योहार, जानिए इससे जुड़े कुछ रोचक तथ्य



क्रिसमस एक ऐसा त्योहार है, जिसे लोग साल का सबसे खास पर्व मानते हैं। इसे 25 दिसंबर को मनाया जाता है, क्यूंकि इसी दिन यीशु मसीह का जन्म हुआ था।मान्यताओं के अनुसार, इस दिन सांता अपनी हिरणों वाली बग्गी पर सवार होते हैं और घर-घर जा कर तोहफे बांटते हैं। हम सबने उनकी कहानी सुनी है, लेकिन इस त्योहार से जुड़े कई ऐसे तथ्य भी हैं, जिनसे ज्यादातर लोग वाकिफ नहीं हैं।आइए ऐसे ही रोचक तथ्य जानते हैं।

### सांता क्लॉज के पास है अपना खास कोड

क्रिसमस से पहले सभी बच्चे अपने पसंदीदा चीजों की सूची तैयार करते हैं और अपने प्यारे सांता को चिट्ठी लिखते हैं। हालांकि, क्या अपने कभी सोचा है कि ये चिट्ठियां आखिर किस पाते पर जाती हैं?दरअसल, कनाडा में सांता का ह0ह0ह0 अंकों वाला अपना एक खास डाक कोड है।बच्चे इस कोड पर अपने पत्र भेज सकते हैं और बदले में सांता का जवाब भी पा सकते हैं।

### 25 दिसंबर को नहीं मनता था क्रिसमस

हर साल 25 दिसंबर को ही क्रिसमस का पर्व मनाया जाता है, लेकिन हमेशा से ऐसा नहीं था। बाइबिल के अनुसार, इस त्योहार की तारीख कभी 25 दिसंबर थी ही नहीं।रोम में कैथोलिक गिरजाघर ने 336 ईस्वी में इस तिथि पर क्रिसमस मनाना शुरू किया था।कुछ लोगों का मानना है कि गिरजाघर ने प्राचीन रोम में 25 दिसंबर को होने वाले बुतपरस्त उत्सवों को कम करने के लिए इस तिथि को चुना था।

### सांता मोजे में ही क्यों रखते हैं तोहफे?

सांता हमेशा बच्चों के तोहफों को मोजे के अंदर ही रखते हैं। हालांकि, इसकी वजह ज्यादातर लोगों को नहीं पता है।दरअसल, मोजे में उपहार रखने की परंपरा संत निकोलस ने शुरू की थी, जो असल में सांता हैं।संत निकोलस ने 3 बच्चियों वाले एक गरीब परिवार की मदद करने के लिए उनकी चिमनी से सोने के सिक्कों से भरी 3 पोटलियां फेंकी थीं।ये सभी पोटलियां बच्चियों के दीवार पर लटके मोजों में जा गिरी थीं।

### सांता के कपड़े हमेशा से नहीं थे लाल

हमने हमेशा सांता को लाल रंग के कपड़ों और टोपी में देखा है। हालांकि, क्या हो अगर हम आपको बताएं कि वह हमेशा से लाल रंग के कपड़े नहीं पहना करते थे?सालों पहले सांता को अक्सर भूरे, हरे या नीले कपड़ों में चित्रित किया जाता था। थॉमस नास्ट पहले व्यक्ति थे, जिन्होंने उन्हें लाल कपड़ों में चित्रित किया था।इसके बाद, 1931 में कोका-कोला के विज्ञापनों में सांता को लाल कपड़ों में दिखाया गया था।

### क्रिसमस के लिए नहीं लिखा गया था जिंगल बेल गाना

स्कूल के दिनों से लेकर आज तक क्रिसमस पर लोग जिंगल बेल गाना गाते हैं। हालांकि, यह मधुर गाना क्रिसमस के त्योहार के लिए बनाया ही नहीं गया था।आपको जानकर हैरानी होगी कि जिंगल बेल गाना असल में थैंक्सगिविंग त्योहार के लिए बना था। पहले इसका नाम वन हॉर्स ओपन स्ले हुआ करता था।इसे जेम्स लॉर्ड पियरपोंट ने 1850 में मैसाचुसेट्स में लिखा था। इसे सबसे पहले एक गिरजाघर में स्कूली बच्चों द्वारा गाया गया था।

# जिला पंचायत अध्यक्ष सहित सभी सदस्य बने निक्षय मित्र टीबी को समाप्त करने की कलेक्टर ने दिलाई शपथ




सीहोर (निप्र)। जिला पंचायत सभी कक्ष में जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती रचना सुरेंद्र मेवाड़ा की अध्यक्षता में जिला पंचायत की बैठक में बैठक में टीबी मुक्त भारत अभियान के तहत सीहोर जिले से टीबी को पूरी तरह समाप्त करने के लिए जिला पंचायत के सभी सदस्यों ने शपथ ली। बैठक के दौरान अभी तक उन्मूलन के लिए किए गए प्रयासों की समीक्षा की गई। बैठक में सीएमएचओं सुधीर कुमार डेहरिया एवं डॉ कोरी द्वारा जानकारी दी गई कि अभी तक 100 दिवसीय निश्चय शिविर अभियान के तहत 16245 व्यक्तियों की स्क्रीनिंग की गई है। बैठक में जिला पंचायत के सभी सदस्यों ने टीबी उन्मूलन के उद्देश्य से निक्षय मित्र के रूप में अपना पंजीकरण कराया। इसके साथ ही मरीजों को फूड बास्केट वितरण के लिए कहा गया।

## कलेक्टर ने दिलाई शपथ

कलेक्टर प्रवीण सिंह ने सभी को जानकारी की रोशनी से टीबी के डर रूपी अंधकार को मिटाने, सतर्कता से टीबी के भेदभाव को खत्म करने, टीबी के कोई भी लक्षण पाए जाने की स्थिति में एक दूसरे के परिवार के साथ सामान्य सम्मानजनक व्यवहार बनाए रखने, टीबी का उपचार एवं जिम्मेदारी पूर्ण करने, लापरवाही न बरतने एवं प्रदेश को वर्ष 2025 तक टीबी मुक्त बनाने के लिए मिलकर कार्य करने की शपथ दिलाई।

## यह बने नि-क्षय मित्र

बैठक में टीबी मुक्त भारत अभियान के तहत जिला पंचायत अध्यक्ष रचना सुरेंद्र मेवाड़ा, जिला पंचायत उपाध्यक्ष जीवन सिंह मंडलोई, कुलदीप चौहान, अवंतिका सुनील बारेला, सोनू गुणवान, नमिता रघुवीर चौहान, रुखसार अनस खान, उमा ओम पटेल, शंकर पटेल, महेंद्र सिंह इंजिनियर , रेखाबाई लक्ष्मण सिंह , संगीता मालवीय , सूरसिंह, रेखाबाई वर्मा सहित अन्य सदस्य नि-क्षय मित्र बने।

# जिला स्तरीय युवा उत्सव 26 दिसम्बर को

सीहोर (निप्र)। शासन के निर्देशानुसार खेल और युवा कल्याण विभाग, नेहरू युवा केन्द्र, राष्ट्रीय सेवा योजना द्वारा 26 दिसम्बर को सीहोर स्थित आवासीय खेल परिसर में प्रात: 10:30 बजे से पंच प्राण और आजादी का अमृत महोत्सव के तहत जिला स्तरीय युवा उत्सव का आयोजन किया जा रहा है। इस युवा उत्सव में विज्ञान मेला एकल एवं समूह, समूह लोक नृत्य, कविता लेखन, भाषण, पेंटिंग, फोटोग्राफी विधाओं में प्रतियोगिताएं आयोजित की जाएंगी। इसमें भाग लेने के लिए 15 से 29 वर्ष आयु के युवा आवेदन कर सकते हैं। सभी प्रतिभागियों को पंजीयन फार्म भरना अनिवार्य है। लोकनृत्य के प्रतिभागी को अपने साथ स्वयं का वाद्य यंत्र तथा विद्या से संबंधित सामग्री लाना अनिवार्य होगा।

# ब्लाक कांग्रेस ने अमित शाह के खिलाफ कार्रवाई को लेकर सौंपा ज्ञापन




सीहोर (निप्र)। डॉ.भीमराव अंबेडकर को लेकर गृहमंत्री अमित शाह के बयान के खिलाफ कांग्रेस ने प्रदर्शन किया। कार्यकर्ताओं ने पुलिस थाने के बाहर नारेबाजी की। इस दौरान ब्लाक कांगेस कमेटी अहमदपुर के ब्लाक अध्यक्ष देवी सिंह तंवर, कांग्रेस के किसान नेता खुमान सिंह आदि शामिल थे।

इस संबंध में ब्लाक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष श्री तंवर और किसान नेता खुमान सिंह का कहना है कि भारत सरकार के गृह मंत्री अमित शाह द्वारा भरी संसद में डॉ. बाबा साहेब अम्बेडकर संविधान निर्माता के बारे में अपमानजनक शब्दों से अपमानित किया, और कहा, कि आप अम्बेडकर, अम्बेडकर, अम्बेडकर, अम्बेडकर का नाम बार बार लेते हो। यदि अम्बेडकर की जगह भगवान का नाम लेते, तो सात जन्मों तक स्वर्ग पा सकते थे। इस सम्बंध में विपक्ष पार्टीयों द्वारा विरोध प्रकट किया गया है। एवं गृह मंत्री अमित शाह के इस्तीफे की माग की गई है। ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अहमदपुर द्वारा अमित शाह से इस्तीफे की मांग करने बाबत् ज्ञापन प्रस्तुत हैकांग्रेसियों ने मंगलवार को एकजुट होकर प्रदर्शन किया और राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन सौंपा। गृह मंत्री अमित शाह को अपने बयान पर सार्वजनिक माफी मांगनी चाहिए। अगर वह माफी नहीं मांगते तो तुरंत पीएम मोदी को उनका इस्तीफा लेना चाहिए। कांग्रेसियों ने प्रदर्शन कर संविधान बचाओ अमित शाह हटाओ के नारे भी लगाए। कांग्रेस नेता ने कहा कि भाजपा सरकार ने घमंड की बात करके महान लोगों को अपमानित किया। कभी किसानों को तो कभी युवाओं व आमजन को प्रताड़ित करने का काम करते हैं।

# वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी निलंबित

सीहोर (निप्र)। किसान कल्याण तथा कृषि विकास विभाग के सीहोर विकासखंड में पदस्थ वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी भारतसिंह देवड़ा को कदाचरण लिए निलंबित कर दिया है। जारी निलंबन आदेश के अनुसार भारतसिंह देवड़ा द्वारा वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशों की अवेहलना करने एवं कदाचरण के लिए मध्यप्रदेश सिविल सेवा आचरण नियम 1965 के तहत निलंबित कर दिया गया है। निलंबन अवधि में भारतसिंह देवड़ा का मुख्यालय अनुविभागीय कृषि अधिकारी बुधनी निर्धारित किया गया है। निलम्बन अवधि में उन्हें नियमानुसार जीवन निर्वाह भत्ते की पात्रता होगी। भारतसिंह देवड़ा के निलंबन के पश्चात कमलसिंह ठाकुर वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी कार्यालय सहायक मिट्टी परीक्षण अधिकारी सीहोर को उनके वर्तमान कार्य के साथ ही सीहोर विकासखंड के वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी कार्यों का दायित्व सौंपा गया है।

# मुख्यमंत्री जनकल्याण अभियान के तहत आयोजित अनेक शिविरों का कलेक्टर ने किया औचक निरीक्षण

## शिविर में अनुपस्थित एडीईओ को निलंबित करने के कलेक्टर ने दिए निर्देश

सीहोर (निप्र)। जिले के शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में मुख्यमंत्री जनकल्याण अभियान के अंतर्गत शिविर आयोजित किए जा रहे हैं। इस अभियान के अन्तर्गत केन्द्र एवं राज्य सरकार की चिन्हित 63 सेवाओं एवं 45 हितग्राही मूलक योजनाओं के शत-प्रतिशत पात्र हितग्राहियों को लाभ प्रदान किया जा रहा है। कलेक्टर प्रवीण सिंह ने सीहोर जनपद पंचायत के ग्राम पंचायत कुलास खुर्द, ग्राम पंचायत पाटनी तथा ग्राम पंचायत मोगरा फूल में आयोजित मुख्यमंत्री जनकल्याण शिविर का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने शिविरों में लगातार अनुपस्थित रहने पर सीहोर जनपद के एडीईओ जन्मेजय सिंह को निलंबित करने के निर्देश दिए। इसके साथ ही महिला बाल विकास विभाग की सुपरवाइजर कांति भार्गव तथा नाहिद जहान के शिविर में अनुपस्थित रहने पर उनके एक दिन का वेतन काटने के निर्देश दिए हैं। कलेक्टर श्री सिंह ने शिविरों के निरीक्षण के दौरान सख्त हिदायत देते हुए कहा कि संबंधित अधिकारी-कर्मचारी समय पर शिविर में पहुंचे और पूरे समय शिविर में उपस्थित रहें। उन्होंने कहा कि यह अभियान अत्यधिक महत्वपूर्ण अभियान है, जिसके माध्यम से आमजन की समस्याओं का तत्काल निराकरण और सभी पात्र व्यक्तियों को लाभान्वित किया जाना है। उन्होंने निर्देश दिए कि शिविरों में आने वाले प्रत्येक व्यक्ति की शिकायतों और समस्याओं को गंभीरता से सुना जाए और उसका त्वरित निराकरण किया जाए। उन्होंने कहा कि यह भी सुनिश्चित किया जाए कि कोई भी पात्र व्यक्ति शासन की योजनाओं का लाभ पाने से वंचित न रहे। निरीक्षण के दौरान सीहोर जनपद सीईओ श्रीमती नमिता बघेल सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।



# पति ने कहा और बीएलओ ने पत्नि से छीन लिया वोट डालने का अधिकार

## आष्टा कोर्ट ने तलाक की डिक्री दी, हाईकोर्ट ने आदेश पर रोक लगा दी

सीहोर (निप्र)। पति के कहने पर बीएलओ ने मतदाता सूची से नाम काटकर उसकी पत्नि से वोट डालने का अधिकार ही छीन लिया। लसुडि़या गोयल गांव के पति पत्नि की लड़ाई में तहसील के बाबू,बीएलओ और सचिव ने निर्वाचन आयोग और जबलपुर हाईकोर्ट के निदेशों का खुला उल्लंघन कर दिया। पंचायत में पंच पति ने आष्टा कोर्ट में तलाक के लिए अर्जी दी, कोर्ट ने डिक्री भी दे दी इधर पत्नि की याचिका पर जबलपुर हाईकोर्ट ने तलाक की डिक्री को स्थागित कर दिया। पीड़ित पत्नि ने कोर्ट के आदेश दिखाए लेकिन बीएलओ ने मानने से इंकार कर दिया। कलेक्टर के नाम शिकायती पत्र लेकर मंगलवार को जनसुनवाई में पहुंची विनीता पत्नि विनोद ग्राम लसुडि़या के द्वारा मतदाता सूची मे नाम जुड़वाने बच्चों का एडमिशन कराने और अवैधानिक रूप से मतदाता सूची से नाम काटने वाले तहसील के बाबू,बीएलओ और सचिव पर सख्त कर्रवाही किए जाने की मांग की गई। पीड़िता विनीता बाई के मुताबिक लसुडि़या गोयल निवासी विनोद से 11 वर्ष पूर्व विवाह हुआ और 2 संतानों के रूप में विवेक और आशा का जन्म हुआ। पति के साथ 6 वर्ष तक रही। सभी सरकारी दस्तावेजों में पति ओर बच्चों के पिता के रूप में विनोद का नाम दर्ज है। पति ने कुछ साल पहले मारपीट कर घर से भगा दिया। पीड़ित विनीता अपने पिता किशल लाल के यह ग्राम ब्रिजिस नगर में रहने के लिए बाध्य हुई। पति के खिलाफ संतान के भरण पोषण के लिए इछावर न्यायालय में प्रकरण दायर किया। पति विनोद ने कभी कुछ नहीं दिया। विनोद ने आष्टा न्यायालय में तलाक का प्रकरण दायर किया और एक तरफा तलाक की डिक्री कोर्ट से ले ली। विनीता ने अपना वैवाहिक जीवन बचाने के लिए एक पक्ष डिग्री तलाक के विरुद्ध उच्च न्यायालय जबलपुर में याचिका लगाई हाई कोर्ट ने तलाक की डिक्री को स्थगित कर दिया। हाई कोर्ट ने विनीता और विनोद को पति पत्नि ही माना और निचली अदालत के आदेश को रोक दिया। जिस के बाद पति विनोद ने अवैधानिक रूप से तहसील के बाबू दिनेश शर्मा,बीएलओ भूपेंद्र सिंह राजपूत, सचिव कृपाल सिंह से मिलकर गांव की मतदाता सूची से नाम कटवा दिया जबकी विनीता लसुडि़या गोयल की ही निवासी है और विनोद से अभी तलाक नहीं हुआ वह दोनों कानून रूप से पति पत्नि हीं है।



## कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में जनसुनवाई आयोजित

सीहोर (निप्र) । कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में जनसुनवाई आयोजित की गई। जनसुनवाई में जिले के दूरदराज अंचलों से आए लगभग 50 आवेदकों ने अपनी समस्याओं से संबंधित आवेदन प्रस्तुत किए। अधिकारियों ने सभी आवेदकों से चर्चा कर उनकी समस्याएं जानी और संबंधित कार्यालय प्रमुखों को समय-सीमा में निराकरण करने के निर्देश दिए। जनसुनवाई में संयुक्त कलेक्टर आनंद सिंह राजावत सहित सभी संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

# नगर युवा मोर्चा ने DB कलेक्शन पर नवनियुक्त आशीष शर्मा मंडल अध्यक्ष का किया स्वागत

भैरूंदा/नसरुल्लागंज (संजय कलमोर )। भारतीय जनता पार्टी के युवा मोर्चा कार्यकर्ताओ ने नव नियुक्त मंडल अध्यक्ष आशीष शर्मा का फूलमाला पहनाकर स्वागत किया नवनियुक्त मंडल अध्यक्ष आशीष शर्मा ने बताया कि भारतीय जनता पार्टी की सरकार का मूल मंत्र सबका साथ सबका विकासहै। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र और डॉ मोहन यादव के नेतृत्व में भाजपाकी प्रदेश में सरकार है। इसका निर्माण बूथ अध्यक्ष सहित बूथ स्तर पर कार्य करने वाले कार्यकर्ताओं ने किया है।उन्होंने कहा कि मुझे भाजपा संघठन के द्वारा नवीन जिम्मेदारी सौंपे जाने के बाद मुझे खुशी है कि में इस जिम्मेदारी को अच्छे से निभाऊंगा। साथ ही स्थानीय कार्यकर्ताओं ओर मेरे अपने भाइयो और माता बहनो सहित विरष्ठ जनो के द्वारा किये गए आत्मीय स्वागत के लिए आप सभी का आभार में पूरे देश प्रदेश सहित पूरे भाजपा संगठन सहित आप सभी लोगो का दिल से आभार मानता हूं। मुझे सौंपी गई जिम्मेदारी में पूरी निष्ठा से निभाऊंगा। आप सभी का मार्गदर्शन व साथ हमेशा ऐसा ही मिलता रहे ये मोजूद रहे भेरूंदा ष्ठ.ढ्ढ कलेक्शन गणेश राठौर ,मनीष राठौर, शुभम राठौर, विजेंद्र गोस्वामी, अभिषेक मेवाडा, राजू ठाकुर, राजा राठौर, मंगल कुशवाह, ने स्वागत किया।



# स्वयं के वाहन से बच्चों को स्कूल लाकर बढ़ाई छात्र संख्या

भैरूंदा, हाथीघांट( संजय कलमोर )। कहते है जहां चाह है वहां राह है। यह कहावत सही कर दिखाई है, एक शिक्षक ने , जिनके विद्यालय में जून में 06 बच्चें दर्ज थे वहीं आज उनके प्रयासों से छात्र संख्या बढ़कर 20 पहुंच गई हैं। हम बात कर रहे है क्षेत्र के नवाचारी शिक्षक रितेश विश्वकर्मा शासकीय प्राथमिक शाला नदीपार हाथीघाट की । जो नए नए नवाचार करने के लिए जाने जाते है। इनके स्कूल में सत्र प्रारंभ होने से पहले 6 बच्चे दर्ज थे स्कूल बंद होने की कगार पर था इन्होंने स्टॉप के साथ मिलकर अपने स्कूल में नामांकन बढ़ाने के लिए पास के गांव में स्कूल का प्रचार प्रसार किया, पालकों से संपर्क किया, ओर बच्चों को नि:शुल्क अपने स्वयं के वाहन से घर से स्कूल लाने ले जाने की बात कही गई । जी हां शिक्षक रितेश विश्वकर्मा अपने स्वयं के वाहन से बच्चों को स्कूल लाते है और घर छोड़ते है। ये पहला मामला देखने में आया है कि कोई शिक्षक स्कूल में नामांकन बढ़ाने के लिए बच्चों को खुद के वाहन से स्कूल लाता हो वो भी बिना किसी शुल्क के। शिक्षक रितेश विश्वकर्मा कभी कार से तो कभी अपनी बाइक से बच्चों को स्कूल लाते है और स्कूल से घर छोड़ते भी है । शिक्षक के इस प्रयास से पालकों में भी खुशी है पालकों का कहना है कि नदीपार हाथीघाट स्कूल किसी प्राइवेट स्कूल से कम नहीं है ।शिक्षक के प्रयासों की विभाग से बीआरसीसी, बी ई ओ साहब एवं सभी अधिकारी प्रशंसा कर रहे हैं ।



# सादगी के साथ निकाली गई कलश यात्रा जो दूसरों के लिए जीता है, वह हमेशा पूजनीय होत : संत गोविन्द जाने

सीहोर (निप्र)। भागवत अवरोध मिटाने वाली उत्तम अवसाद है। भागवत का आश्रय करने वाला कोई भी दुखी नहीं होता है। बड़ा वह होता है जो किसी की जड़ नहीं काटता। जो दूसरों के लिए जीता है, वह हमेशा पूजनीय होता है। ह्रदय रूपी नगर में भगवान हमेशा बैठते हैं, हमें शत्रुता से मीठा व्यवहार करके प्यार से भुला देना चाहिए। उक्त विचार शहर के सिंधी कालोनी स्थित मैदान में आयोजित संगीतमय सात दिवसीय भागवत कथा के पहले दिन मालवा माटी के संत गोविंद जाने ने कहे। कथा का प्रथम दिन था, समिति के पदाधिकारियों ने बताया कि कथा दोपहर बारह बजे से तीन बजे तक आयोजित की जाएगी।मंगलवार को कथा के आरंभ होने से पूर्व पल्टन एरिया स्थित भगवान गणेश मंदिर से गोदन सरकार सेवा समिति हनुमान मंदिर सीहोर के तत्वाधान में कलश यात्रा निकाली गई थी जो कथा स्थल पर पहुंची। उन्होंने कहा कि मनुष्य के दिनचर्या का पालन यम नियम है। कार्य निष्पादन की कला एवं तौर तरीका ही आसन है। मनुष्य के शरीर में दस प्राण होते हैं। उन प्राणों को सही दिशा देना प्रणाम कहा जाता है। भटकते मन को बस में कर लेना प्रत्येहार मन बस में होने लगे तो परमात्मा को धारण कर लेना धारणा धारणा की स्थिति मजबूत हो जाय तो भगवान के एक-एक अंगों का ध्यान करना ध्यान कहलाता है। अपने इंद्रियों को बस में करने के बाद जब भगवान के एक-एक अंगों का ध्यान होने लगे तो उसमें तल्लीन हो जाना समाधि कहा जाता है। उन्होंने कहा कि लोग छोटी-छोटी बातों को भी बड़ा कर लेते हैं।

# आज खेला जाएगा बीएसआई पर फाइनल मैच

सीहोर (निप्र)। शहर के बीएसआई मैदान पर खेली जा रही स्व. श्री मथुरा प्रसाद केसरिया की स्मृति में टी-20 क्रिकेट लीग प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। प्रतियोगिता का फाइनल मैच डीसीए और यंग स्टार के मध्य खेला जाएगा। इस संबंध में जानकारी देते हुए वरिष्ठ खिलाड़ी हेमंत केसरिया ने बताया कि जिला क्रिकेट एसोसिएशन के वीरु वर्मा, आशीष शर्मा, महेन्द्र शर्मा, कमलेश पारोचे, अतुल कुशवाहा, चेतन मेवाड़ा आदि के सहयोग से हर साल की तरह इस साल भी केसरिया स्मृति प्रतियोगिता का आयोजन शहर के बीएसआई मैदान पर किया गया था। इस प्रतियोगिता में शहर की चार श्रेष्ठ टीमों को शामिल किया गया था। जिसमें डीसीए, पीपीसीए, यंग स्टार और रिक्की क्लब शामिल थी। लीग के आधार पर डीसीए और यंग स्टार ने शानदार खेल का प्रदर्शन किया। अब बुधवार को प्रतियोगिता का फाइनल मैच डीसीए और यंग स्टार के मध्य खेला जाएगा। इस प्रतियोगिता में सर्व श्रेष्ठ खिलाड़ी के रूप में हेमंत केसरिया का नाम सबसे ऊपर है। इसके अलावा कमलेश पारोचे, नीरज मेहरा, सुनील जलोदिया, सचिन कीर, चेतन मेवाड़ा, जिम्मी, जितेन्द्र जायसवाल, सुरज यादव, अभिनव, गेंदबाज के रूप में वीरेन्द्र वर्मा, हेमंत चौरसिया, अमन, धर्मेन्द्र मेवाड़ा, महेन्द्र मेवाड़ा और नासिर खान ने शानदार गेंदबाजी की थी।बुधवार को फाइनल मैच सुबह ग्यारह बजे खेला जाएगा और प्रतियोगिता में पुरस्कार वितरण का आयोजन किया जाएगा। इस मौके पर अतिथियों में भगवान राजपूत, केशव राठौर, संकल्प वृद्धाश्रम के संचालक राहुल सिंह, श्री राधे श्याम बिहार कालोनी के जितेन्द्र तिवारी, लखन सिंह मेवाड़ा, सचिन जोशी, वीरु वर्मा, आशीष शर्मा, मनोज दीक्षित मामा आदि उपस्थित रहेंगे।

# डॉ. अंबेडकर जी पर टिप्पणी के विरोध में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के खिलाफ कांग्रेसजनों ने राष्ट्रपति के नाम सौंपा ज्ञापन

सीहोर (निप्र)। मंगलवार, 24 दिसम्बर को भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के आव्हान पर जिला कांग्रेस कमेटी सीहोर जिला अध्यक्ष राजीव गुजराती की अध्यक्षता में जिला कांग्रेस कार्यालय सीहोर में बाबा साहब अंबेडकर जी की प्रतिमा पर उनको फूल माला अर्पित कर उनको नमन किया एवं उपस्थित कार्यकर्ताओं एवं पदाधिकारियों को संविधान की प्रस्थावना का पाठन किया गया। इस मौके पर पूर्व विधायक शैलेन्द्र पटेल ने कहा कि भाजपा प्रमुख मुद्दों को महत्वहीन बना रही है, वहीं नेशनल कांग्रेस और उसके सहयोगी दल भाजपा नेताओं द्वारा हमारे संविधान की समावेशी और सहिष्णु भावना को अपहरण करने के प्रयासों के उदाहरणों को प्रकाश में लाने के लिए लगातार प्रयास कर रहे हैं। इसके उपरांत जिला अध्यक्ष राजीव गुजराती के नेतृत्व में बड़ी संख्या में कार्यकर्ताओं के साथ हाथ में तकतियाँ लेकर रैली निकालकर गगन भेदी नारों के साथ कलेक्ट्रेट कार्यालय पहुंचकर देश के महामहिम राष्ट्रपति को सम्बोधित ज्ञापन जिलाधीश को सौंपा। जिलाध्यक्ष राजीव गुजराती ने ज्ञापन का वाचन करते हुए बताया कि केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह द्वारा डॉ. भीमराव बाबासाहेब अंबेडकर जी का अपमान करने के लिए संसद का इस्तेमाल कर एक मंच के रूप में किया है। हमारे संविधान को अपनाने की 75 वीं वर्षगांठ पर विशेष चर्चा के दौरान विपक्ष पर हमला करने के अपने उत्साह में, अमित शाह ने डॉ. भीमराव बाबासाहेब अंबेडकर जी पर अपमानजनक टिप्पणी की है। वर्तमान केंद्रीय गृह मंत्री की टिप्पणी बेहद




अरुचिकर है और हमारे स्वतंत्रता आंदोलन के सबसे बड़े नेताओं में से एक का अपमान करती है। हमारे संविधान के रूप में हमारे राष्ट्र के लोकाचार के निर्माण के साथ-साथ दलित समुदाय और अन्य हाशिए के समूहों के सदस्यों के अधिकारों को सुरक्षित करने में डॉ. अंबेडकर जी के योगदान को अच्छी तरह से प्रलेखित किया गया है और इसे दोहराने की आवश्यकता नहीं है। ऐसे आदरणीय राष्ट्रीय व्यक्ति का अपमान करने का कोई भी प्रयास बिना किसी परिणाम के अनियंत्रित नहीं रह सकता। इन टिप्पणियों के साथ अमित शाह और भाजपा ने अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति के सदस्यों को दिए गए सकारात्मक कार्रवाई और आरक्षण के मुद्दे को महत्वहीन बना दिया है। हमारे राष्ट्र के संस्थापकों ने भारत की कल्पना एक ऐसे देश के रूप में की थी जो अपने विभिन्न निवासियों का उनकी जाति, पंथ, लिंग, रंग, जन्म स्थान आदि के बावजूद सम्मान करता है। कोई भी इस तरह की गलत और गैरजिम्मेदाराना टिप्पणी करने की अनुमति नहीं दे सकता, खासकर हमारे देश के केंद्रीय गृह मंत्री द्वारा। डॉ. भीमराव बाबासाहेब अंबेडकर जी जैसे महापुरुष पर हमला करने वाली ये टिप्पणियाँ हमारे देश की समन्वयात्मक नींव के लिए विनाशकारी हैं। हर बीतते दिन के साथ, अमित शाह द्वारा की गई टिप्पणियों को बड़े पैमाने पर सार्वजनिक प्रतिक्रिया मिल रही है, खासकर दलित समुदाय के सदस्यों और नेताओं से, जिन्होंने उनकी टिप्पणियों की निंदा की है, जिन्होंने दलित आइकन की गरिमा को नुकसान पहुंचाया है । वास्तव में, हमारे संविधान के निर्माता के प्रति अनादर की गूंज भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) और हमारे जिले सहित पूरे देश में इसके कार्यकर्ताओं द्वारा की गई है और इसका बचाव किया गया है। सत्तारूढ़ शासन और उसके नेताओं को इस तरह से खुद को संचालित करने की अनुमति नहीं दी जा सकती है जो केवल उनकी विचारधारा के अनुकूल हो। डॉ. अंबेडकर के कद और भारत के नागरिकों से उन्हें मिलने वाले सम्मान को देखते हुए, यह स्पष्ट है कि अमित शाह की टिप्पणियों ने लाखों भारतीयों की भावनाओं को ठेस पहुँचाई है।

स्वत्वाधिकारी, सम्पादक, मुद्रक, प्रकाशक कृष्णकांत सक्सेना की ओर से श्री बालाजी प्रिंटर्स, प्लाट नं.21,सेक्टर-एच,इंडस्ट्रियल एरिया,गोविंदपुरा भोपाल से मुद्रित तथा कलेक्ट्रेट के सामने कलेक्ट्रेट रोड सीहोर म.प्र. से प्रकाशित। ब्यूरो प्रमुख -भावना सक्सेना। स्थानीय प्रतिनिधि-मनोज दीक्षित, सभी विवादों का न्याय क्षेत्र भोपाल रहेगा। मो.9425025999 ई-मेल - dainikkshitijkiran@gmail.com, वेबसाइट- www.kshitijkiran.com

भारत सरकार

पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न
अटल बिहारी वाजपेयी जी
की 100वीं जन्म जयंती के
अवसर पर



**डॉ. मोहन यादव,** मुख्यमंत्री



**नरेन्द्र मोदी,** प्रधानमंत्री

## ₹ 44,600 करोड़ लागत की देश की पहली
# केन-बेतवा नदी जोड़ो राष्ट्रीय परियोजना का
# शिलान्यास
तथा
## ओंकारेश्वर फ्लोटिंग सौर परियोजना का लोकार्पण
## 1153 अटल ग्राम सुशासन भवनों का भूमिपूजन
## माननीय अटल बिहारी वाजपेयी जी की स्मृति में स्टाम्प और सिक्का जारी

# प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी
के कर-कमलों
द्वारा

## परियोजनाओं के लाभ

### केन-बेतवा नदी जोड़ो राष्ट्रीय परियोजना
- मध्यप्रदेश के 10 जिले छतरपुर, पन्ना, टीकमगढ़, निवाड़ी, दमोह, शिवपुरी, दतिया, रायसेन, विदिशा और सागर के 8.11 लाख हेक्टेयर क्षेत्र एवं उत्तरप्रदेश के 2.51 लाख हेक्टेयर क्षेत्र को मिलेगी सिंचाई सुविधा।परियोजना से कुल 65 लाख परिवारों को मिलेगी पेयजल की सुविधा।
- जल विद्युत परियोजनाओं से हरित ऊर्जा में 130 मेगावॉट का योगदान एवं औद्योगिक इकाइयों को पर्याप्त जल आपूर्ति से औद्योगिक विकास और रोज़गार को मिलेगा बढ़ावा।
- चंदेल कालीन लगभग 42 पुरातन तालाबों का होगा विकास एवं पुनर्निर्माण।
- दौधन बांध के निर्माण से बाढ़ का बेहतर प्रबंधन होगा संभव।

### ओंकारेश्वर फ्लोटिंग सौर परियोजना
- 518 मेगावॉट क्षमता की यह परियोजना विश्व की सबसे बड़ी फ्लोटिंग परियोजनाओं में से एक है।
- परियोजना से कृषि एवं उद्योग हेतु उपयोगी भूमि की बचत होगी।
- जल संरक्षण एवं हरित ऊर्जा उत्पादन से पृथ्वी के तापमान में वृद्धि को रोकने में सहयोग मिलेगा।

### अटल ग्राम सुशासन भवन
- अटल ग्राम सुशासन भवनों का निर्माण ग्राम पंचायतों को स्थायी भवन की सुविधा प्रदान करेगा।
- ग्राम पंचायतों को प्रशासनिक कार्य करने, बैठकों के आयोजन एवं रिकॉर्ड प्रबंधन में सहायता मिलेगी।

## गरिमामयी उपस्थिति

| | | |
|---|---|---|
| **मंगुभाई पटेल** | **डॉ. मोहन यादव** | **सी.आर. पाटिल** |
| राज्यपाल, मध्यप्रदेश | मुख्यमंत्री, मध्यप्रदेश | केंद्रीय मंत्री, जल शक्ति मंत्रालय |

**25 दिसम्बर, 2024 | पूर्वाह्न 11:00 बजे | खजुराहो, जिला छतरपुर**

मध्यप्रदेश जनसंपर्क द्वारा जारी
सीधा प्रसारण http://pmindiawebcast.nic.in DD News @Cmmadhyapradesh @jansampark.madhyapradesh @Cmmadhyapradesh @jansamparkMP JansamparkMP
आकल्पन : मध्यप्रदेश माध्यम/2024
D-11136/24